

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, शुक्रवार, 18 अगस्त 2023 ■ श्रावण शुक्ल पक्ष-2 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-140 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 19 अगस्त 2023 मूल्य ₹ 1.00



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur
phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### 11 नए जिलों में कांग्रेस अध्यक्षों की नियुक्ति

**रायपुर, 18 अगस्त।** छत्तीसगढ़ कांग्रेस में 11 नए जिला अध्यक्षों की नियुक्ति की गई है. इसका आदेश आज,द्बष्टष्ट ने जारी किया है. राजनांदगांव में भागवत साहू, बस्तर में सुशील मौर्य, कवर्धा में होरी राम साहू को जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है. सक्ति में त्रिलोक चंद जयसवाल, मनेन्द्रगढ़ में अशोक श्रीवास्तव, मोहला-मानपुर में अनिल मानिकपुरी, कोरिया में प्रदीप गुप्ता, पेंड्रा-मरवाही में उत्तम वासुदेव, खैरागढ़ में गजेंद्र ठाकरे, नारायणपुर में रजनु नेताम को जिला अध्यक्ष बनाए गए हैं।

### एयरपोर्ट पर बम की सूचना, विमान की जांच


**नई दिल्ली, 18 अगस्त।** दिल्ली से पुणे जानेवाली विस्तारा एयरलाइंस के विमान में बम की खबर मिलने से दिल्ली एयरपोर्ट पर हड़कंप मच गया। जीएमआर कॉल सेंटर को फ्लाइट में बम होने की कॉल मिली। इसके बाद तुरंत विमान से यात्रियों को सुरक्षित उतार लिया गया। विमान को आइसोलेशन में ले जाया गया और पूरी तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान फ्लाइट में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। ऐसी झूठी कॉल पहले भी कई बार कॉल सेंटर में रिसीव हुई है। पुलिस के मुताबिक फ्लाइट में कुछ भी संदिग्ध बरामद नही हुआ। तलाशी अभियान खत्म हो गया है। बम की कॉल को हॉक्स कॉल डिक्लेयर कर दिया गया। दिल्ली पुलिस फर्जी कॉल करके बम की झूठी जानकारी देने के मामले में एफआईआर दर्ज कर कॉलर की पहचान कर रही है।

### सीआरपीएफ जवान ने सर्विस रिवाल्वर से की खुदकुशी

**बीजापुर, 18 अगस्त।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले से बड़ी कबर निकलकर सामने आ रही है यहां सीआरपीएफके एक जवान ने खुद को गोली मार ली है। बताया जा रहा है कि जवान ने खुद को अपने सर्विस रिवाल्वर से गोली मारकर आत्महत्या कर ली है। घटना के बाद कैंप में हड़कंप मच गया है। बता दें कि सीआरपीएफ जवान का नाम शशि अख्तर है। गोली लगने के बाद जवान को जिला अस्पताल बीजापुर लाया गाया, जहां उसकी मौत हो गई है। घटना के बाद पुलिस और सीआरपीएफके अधिकारी मामले की जांच में जुटी हुई है।

# भाजपा में परिवारवाद साबित: भूपेश बघेल

**रायपुर, 18 अगस्त।** भाजपा के 21 प्रत्याशियों के नाम तय होने पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने तंज कसा है. सीएम बघेल ने कहा, कल 21 लोगों की सूची जारी हुई. पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व गृह मंत्री का पत्ता साफ हो गया है। ओपी चौधरी का भी पत्ता साफ हो गया है। तीसरा सबसे चौंकाने वाला टिकट विक्रांत सिंह का है. परिवारवाद नहीं चलेगा, लेकिन वह तो रमन सिंह के भांजे हैं. क्या रमन सिंह और उनके बेटे का पत्ता साफ होने वाला है? विक्रांत सिंह को टिकट मिलना क्या संकेत है?



**हिमाचल को 11 करोड़ रुपए की सहायता:** भूपेश बघेल ने कहा हम सभी छत्तीसगढ़वासी इस विपदा में हिमाचल के लोगों के साथ खड़े हैं। कल ही फोन पर भी हिमाचल के मुख्यमंत्री श्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से की थी चर्चा देव भूमि हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश और भूस्खलन से आई विपदा की स्थिति में पीड़ित लोगों की मदद के लिए मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़वासियों की ओर से 11 करोड़ रुपये की सहायता राशि की घोषणा की है।

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने कहा कि हिमाचल में भीषण प्राकृतिक विपदा आई है। ऐसे में हम सभी छत्तीसगढ़वासी हिमाचल के लोगों के साथ खड़े है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने कल ही हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से फोन पर चर्चा की थी तथा हिमाचल प्रदेश के हालात की जानकारी ली थी। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने उनसे कहा कि पूरा देश हिमाचल प्रदेश के लोगों के साथ खड़ा है। हम सब सामूहिक एकजुटता के साथ आपदा का सामना करेंगे और सामान्य स्थिति की बहाली के लिए कार्य करेंगे।

### कांग्रेस की राजनीतिक मामलों की समिति गठित

छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव-2023 की तैयारियों को लेकर सियासी गलियारों में हलचल तेज हो गई है.द्बष्टष्ट ने कांग्रेस में राजनीतिक मामलों की समिति गठित कर दी है. जिसमें प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा समिति की अध्यक्ष बनाई गई हैं। कमेटी में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत, पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज, उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव, गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, पंचायत मंत्री रविंद्र चौबे, वन मंत्री मो. अकबर, श्रम मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया, आदिम जाति मंत्री मोहन मरकाम, महिला-बाल विकास मंत्री अनिला भेड़िया, राजस्व मंत्री जय सिंह अग्रवाल, वरिष्ठ विधायक सत्यनारायण शर्मा, धनेंद्र साहू, सह-प्रभारी सचिव सप्तगिरी उल्का, चंदन यादव, विजय जांगिड़, राष्ट्रीय सचिव विकास उपाध्याय, राजेश तिवारी, पारस चोपड़ा, महिला, यूथ और एनएसयूआई अध्यक्ष शामिल हैं।

### गोवा पुलिस ने किया सट्टा किंग नवीन बत्रा को गिरफ्तार

**रायपुर, 18 अगस्त।** नार्थ गोवा पुलिस ने एसपी नार्थ निधिन वलसान और एसडीपीओ पोरोरिम विश्वेश करपे के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ के सट्टा किंग नवीन बत्रा समेत 12 लोगों को गिरफ्तार किया है। गोवा पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक आरोपियों के पास से पुलिस को 2 लाख रूपए कैश बड़ी संख्या में मोबाइल और लैपटॉप मिले है. जानकारी के मुताबिक इनके पास से 10 फोन जब्त किए गए है, ये छापा गोवा की होटल में मारा गया था, जिस दौरान छापा मारा गया थे ये सभी टी 20 मैच के न्यूजीलैंड और यूएई के मैच का ऑन लाइन सट्टा खिला रहे थे।

गोवा पुलिस ने इन 12 सटोरियों को किया गिरफ्तार- संजय शुब्बा (नई दिल्ली), करन राजेश पाटिल (अकोला), नवीन बत्रा (रायपुर), विरेंद्र सिंह (बिलासपुर), अमित मोरे (अकोला), अंकित कुमार (धनबाद), सूरज नागदेव (रायपुर), किशन पोप्टानी (रायपुर), टिकेश कुमार कुर्रे (सक्ती छत्तीसगढ़), श्रेय शर्मा (रायपुर), आशीष मंत्री (जयपुर), रितेश जायसवाल (वेस्ट दिल्ली)।

भाजपा की प्रत्याशी सूची पर मंत्री अमरजीत भगत का तंज

# इनमें से अधिकतर लोग नहीं टिक पाएंगे

**रायपुर, 18 अगस्त।** भाजपा की ओर से 21 विधानसभा सीटों के लिए प्रत्याशियों की घोषणा के साथ प्रदेश की राजनीति में हलचल मची हुई है. मंत्री अमरजीत भगत ने कहा कि भाजपा की सूची देखी है, उसमें अधिकांश लोग अंत तक नहीं टिकेंगे. टिकट वितरण महज एक औपचारिकता है. भाजपा ने हमेशा क्राइसिस को हाशिए में रखने का काम किया है. जिस दिन नाम की घोषणा होती है, लोगों के खर्चे बढ़ने लगते हैं।

मंत्री अमरजीत भगत ने इसके साथ ही कांग्रेस के प्रत्याशियों की सूची पर कहा कि जल्द ही आएगी, एक्सरसाइज चल रहा है. आवेदन मंगाए गए हैं, ब्लॉक से आएंगे. वहीं 'परिवारवाद' पर कहा कि बीजेपी केवल आरोप लगाती है, उसका पालन नहीं करती है. रमन सिंह ने अपने भांजे विक्रांत सिंह को टिकट दिलाया है, यह भी परिवारवाद की श्रेणी में आता है. मामा-भांजा एकसाथ लड़ेंगे तो वह भी परिवारवाद कहलाएगा.



### भाजपा की डबल पॉलिसी

बीजेपी के 'सभी प्रत्याशी जमीन से जुड़े हैं' वाले बयान पर मंत्री भगत ने तंज कसते हुए कहा कि आपने आदिवासियों को आरक्षण नहीं दिया. रैली, प्रदर्शन, सीएम निवास घेराव का खूब दिखावा किया, लेकिन जब आरक्षण बिल पारित हुआ, तब सबके मुंह में ताले लग गए. राज्यपाल किसके हैं, यह सब जानते हैं. बीजेपी की डबल पॉलिसी सब जानते हैं.

वहीं पाटन में भूपेश बघेल 1ह्य विजय बघेल पर अमरजीत भगत ने कहा कि बीजेपी में किसी को भी सूली में चढ़ा देने वाले लोग हैं. नंदकुमार साय जब मुख्यमंत्री पद के दावेदार थे, तब अजीत जोगी के सामने लड़वाकर राजनीतिक सफर समाप्त कर दिए. आज विजय बघेल को सीएम के सामने लड़वाकर उनका राजनीतिक एपिसोड क्लोज कर देंगे. ये बड़े माहिर लोग हैं. कब किसका राजनीतिक पत्ता काट देंगे, यह दिख रहा है. कभी ऐसी रणनीति नहीं बनती.






# ट्रक-कार में टक्कर, मां-बेटे की मौत

**धमतरी, 18 अगस्त।** जिले में ट्रक और कार में जबरदस्त टक्कर हुई है. दर्दनाक सड़क हादसे में कार सवार मां और बेटे की मौके पर ही मौत हो गई है. जबकि बेटी गंभीर रूप से घायल है. जिसका अस्पलात में इलाज जारी है. वहीं कार ड्राइवर को मामूली चोट आई है. घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है. हादसे के बाद ट्रक ड्राइवर मौके से फरार हो गया है. यह मामला केरेगांव थाना क्षेत्र का है.

जानकारी के अनुसार, 17 अगस्त गुरुवार के रात्रि करीबन 11:45 बजे ग्राम सियादेही अन्नपूर्णा राइस मिल के पास धमतरी से नगरी तरफ जा रही स्विफ्ट कार क्रमांक सीजी-05-एस-6300 को नगरी की तरफ से आ रहे ट्रक क्र मांक सीजी-04-जेबी-5774 का चालक अपने वाहन को तेज और लापरवाही पूर्वक चलाते हुए स्विफ्ट कार को सामने से ठोकर मार दिया. स्विफ्ट कार में सवार नीलिमा चोपड़ा पति भावेश चोपड़ा 45 साल, भव्य चोपड़ा पिता भावेश चोपड़ा 12 साल निवासी नगरी जिला धमतरी की मौके पर ही मृत्यु हो गई. बेटी भूमिका चोपड़ा पिता भावेश गंभीर रूप से घायल है. जिसे 108 वहां के माध्यम से जिला अस्पताल धमतरी भेजा गया वहां से उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया. कार ड्राइवर को हल्की चोट आई है।

केरेगांव थाना प्रभारी एएसआई प्रदीप सिंह ने बताया कि सियादेही के पास राइस मिल के सामने ट्रक ने कार को ठोकर मार दी. जिसमें 2 लोगों की मौत हो गई है. एक गंभीर रूप से घायल है, जिसे रिफर किया गया है. ट्रक चालक मौके से फरार हो गया है. ट्रक को जप्त कर आगे की कार्रवाई की जा रही है.

# नक्सली लीडर मल्ला राजी रेड्डी की मौत

**जगदलपुर, 18 अगस्त।** माओवादी केंद्रीय समिति के सदस्य राजिरेड्डी का निधन होने की खबर आई है. हालांकि नक्सलियों की ओर से इसकी पुष्टि होना बचा है. सूत्रों के मुताबिक मल्लाराजी रेड्डी कुछ समय से बीमार चल रहे थे. उसने खम्मम, वारंगल व करीमनगर जिलों में माओवादी गतिविधियों के विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. छत्तीसगढ़ के पुलिस अधिकारियों ने मल्ला राजी रेड्डी की मौत की पुष्टि की है. घटना का एक वीडियो वायरल हुआ है जिसमें कुछ नक्सली उनके शव के पास दुख में विलाप कर रहे हैं. चंद दिनों पहले उड़ीसा के नुआपाड़ा में सीआरपीएफ की टीम पर हुए नक्सली हमले में मेम्बर मल्ला राज़ी रेड्डी का हाथ बताया जा रहा था। इस हमले का खाका, नक्सली सचिव डिवीजन गुड्डू जयराम ने तैयार किया था. नक्सलियों ने जवानों के पास मौजूद तीन एके सीरिज की राइफल लूट ली थी।

### भाजपा ने किया हिन्दू धर्म का अपमान : कांग्रेस

**रायपुर, 18 अगस्त।** भारतीय जनता पार्टी की घोषणा पत्र सामने आने के बाद कांग्रेस के मीडिया प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने प्रेस वार्ता ली। जिसमें उन्होंने बीजेपी की घोषणा पत्र को लेकर कहा कि भाजपा घोषणा पत्र को संकल्प पत्र बताकर उसकी अवहेलना करती रही यह हिन्दू धर्म का अपमान है। शुक्ला ने कहा कि भाजपा ने तीन बार 2003, 2008, 2013 के चुनाव के अपने घोषणा पत्र में जो वादें किया था। उनमें से 30 प्रतिशत भी पूरा नहीं किया। वही कांग्रेस ने 5 सालों में 36 में से 34 वायदे पूरा किया। सुशील आनंद शुक्ला आगे कहा कि हिन्दू धर्म में संकल्प पवित्र शब्द माना जाता है जब हम कोई भी पूजा, पाठ अनुष्ठान करते है तो कुश जल लेकर संकल्प लेते है। भाजपा ने तीन बार अपने घोषणा पत्र को संकल्प पत्र नाम देकर लगातार उस संकल्प की अवहेलना करने का महापाप करती रही है।










## एक नजर

### सरपंच संघ अध्यक्ष रूपेंद्र ने देश के वीर शहीदों को नमन किया



**कवर्धा, 18 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** स्वंत्रता दिवस के अवसर पर सहसपुर लोहारा सरपंच संघ अध्यक्ष रूपेंद्र वर्मा ने मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत देश के वीर शादियों को नमन किया और उनके विचारों को याद करते हुए कहा की सभी लोगो के दिल में देश प्रेम की भावना होनी चाहिए । देवेंद्र ठाकुर , सीताराम पटेल , बालाराम पटेल , महेश पटेल , रामचंद्र पटेल , केशव सिन्हा, देव वर्मा और समस्त ग्राम वासी उपस्थित रहे ।

### शहर महिला कांग्रेस अध्यक्ष निवास में विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा



**कवर्धा, 18 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** शहर महिला कांग्रेस अध्यक्ष रानू दुबे के निज निवास गंगानगर में अल्पसंख्यक आयोग सदस्य अनिल जैन एवं बोडला सेक्टर प्रभारी अजीत बाजपाई ने शहर महिला कांग्रेस प्रमुख कार्यकर्ताओ से मुलाकात कर विभिन्न विषयों पर चर्चा की ।

### जल संसाधन आफिस में शान से लहराया तिरंगा



**कवर्धा, 18 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जल संसाधन क्रमांक 2 के प्रांगण में सी डी सी .रेखा सहारे ने तिरंगा फहराया । ध्वजारोहण कार्यक्रम में हसनाज बेगम बाबू मोहन सोनी , रविंद्र गुप्ता , संतोष सोनी ,पंचराम, सुखचैन , हरे कृष्ण कुमार सहित स्टाफ उपस्थित रहे । ध्वजारोहण उपरांत मिठाई खिलाकर और खाकर धूमधाम से स्वतंत्रता दिवस मनाया गया ।

### पार्षद अशोक ठाकुर ने फहराया तिरंगा



**कवर्धा, 18 अगस्त।** कवर्धा नगर पालिका के पार्षद अशोक सिंह ठाकुर ने शक्ति वार्ड स्कूल के प्रांगण में तिरंगा फहराया और ध्वजारोहण कार्यक्रम में स्कूल के बच्चे और टीचर सहित नगर वासी उपस्थित रहे ।

### पीएचई आफिस बोड़ला में एसडीओ ने फहराया तिरंगा



**कवर्धा, 18 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बोड़ला में पीएचई आफिस के प्रांगण में एसडीओ गोपाल प्रसाद ठाकुर ने फहराया तिरंगा और ध्वजारोहण कार्यक्रम में उप अभियंता टोमन लाल कुंजाम और समस्त स्टाफ उपस्थित रहे । राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पूजा अर्चना कर तिरंगा फहराया गया और ध्वजारोहण उपरांत मिठाई खिलाकर और मिठाई खाकर धूमधाम से स्वतंत्रता दिवस मनाया गया । एसडीओ गोपाल ठाकुर ने कहा की देश प्रेम की भावना सभी के दिल में होनी चाहिए ।

---

किसानों ने पर्याप्त नहर पानी देने की मांग को लेकर किया सिंचाई विभाग का घेराव,12 घंटे में पर्याप्त नहर पानी देने के आश्वासन के बाद किसान लौटे घर

# रानीतराई के अंचल के किसानों को नहीं मिल रहा सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 18 अगस्त।** गुरुवार को सुबह 10 बजे से रानीतराई अंचल के किसान शिव पुणे - सिपकोनहा माइनर से सिंचाई के लिए पर्याप्त नहर पानी देने की मांग को लेकर रानीतराई सिंचाई विभाग बंगला पहुंचे , सीपकोनहा माइनर के अंतिम छोर के किसान रानीतराई, असोगा, डीडगा औसर,रेंगा कठेरा , डीडाभाटा , चूलगहन के किसान अपने सूखे खेतों को बचाने के लिए पर्याप्त नहर पानी देने की मांग को लेकर पहुंचे थे सिंचाई विभाग पहुंचने पर वहां कोई सक्षम जिम्मेदार अधिकारी नहीं मिलने पर किसान आक्रोशित हो गए और तांदुला जलाशय से माइनर से खेतो लिए पर्याप्त पानी छोड़ने के बाद भी ते टेल एरिया के किसानों को अपने खेतों के लिए पानी नहीं मिलने पर आक्रोशित है । मोबाइल के माध्यम से फोन करने पर सिंचाई विभाग जिला अधिकारी अपने सिंचाई विभाग के अधिकारी को भेजें जहां पर किसानों ने अपनी मांग रखी और 12 घंटे के अंदर अंतिम छोड़ तक पर्याप्त पानी देने के आश्वासन के बाद किसान शांत होकर घर की ओर पहुंचे । इस दौरान किसानों ने कहा कि रानीतराई विभाग में कोई अधिकारी नहीं रहने से हमें असुविधा होती है अभी



वर्तमान समय में किसानों को नहर की पानी की आवश्यकता है लगातार मानिटरिंग कर खेतों तक पानी पहुंचाने की काम करें ।

जनपद सदस्य रमन सिंह टिकरिहा ,जिला पंचायत सदस्य भी किसानों की घेराव की जानकारी के बाद सिंचाई बंगला पहुंचे और अधिकारियों को अतिशीघ्र नहर पानी पर्याप्त मात्रा में देने की बाद कही । इस दौरान किसान नेता धनराज साहू ,पूर्व सरपंच डेरहा राम वर्मा ,रानीतराई सरपंच निर्मल जैन ,संजय यादव, पूर्व सरपंच संतोष पटेल, दुर्जन ठाकुर ,ठाकुर राम सोनवानी, त्रिलोचन साहू ,देवेंद्र चंद्राकर, जितेंद्र बंछोर, श्रवण कुमार वर्मा, श्यामसुंदर हिरवानी, थान सिंह पटेल, संतोष रघुवंशी, मोहन पटेल, बेनी राम साहू, प्रताप निर्मलकर, डे साहब रघुवंशी ,जलाल अंगारे, कुंभकरण विश्वकर्मा, अजय साहू ,मनोज वर्मा, मोहनलाल पटेल ,भीम कुमार चक्रधारी, खोरबाहराराम, नरेश जी ठाकुर ,राम प्रताप यादव ,राधेश्याम यादव, गोपेश्वर चक्रधारी ,रामेश्वर ठाकुर ,विष्णु राम वर्मा, लखनलाल ,मदनलाल, नारायण, आसकरण ,पवन कुमार, अरविंद कुमार, धर्मेंद्र कुमार,द्वारिका निषाद उपस्थित रहे।कांग्रेस नेता व जनपद सदस्य सभापति रमन सिंह टिकरिहा ने कहा की किसानों को पर्याप्त पानी मिले ये काम विभागीय अधिकारियों की है किसान की असुविधा नहीं होनी चाहिए समय पर पानी मिले । प्रदेश भाजपा किसान नेता धनराज साहू ने कहा की दक्षिण पाटन के सिपकोन्हा माइनर के अंतिम छोर के किसानों को अधिकारियों की लापरवाही के कारण पर्याप्त पानी नहीं मिल जिससे किसान परेशान है आज फसल सुख रहा है और अधिकारी सोए है 12 घंटे के बाद भी पर्याप्त नहर पानी टेल एरिया तक नही मिलने पर किसानों को लेकर आंदोलन किया जाएगा । एस पांडे ई ई सिंचाई दुर्ग ने कहा कि तांदूला से पर्याप्त पानी माइनर में छोड़ा गया है अधिकारी को मानिटारिंग कर पर्याप्त पानी देने कहा गया है ।

### अखिल भारतीय राष्ट्रीय महिला कांग्रेस का दो दिवसीय प्रतिज्ञा उज्वल भारत सम्मेलन में शामिल हुईं विधायक ममता

**कवर्धा, 18 अगस्त।** अखिलभारतीय महिला कांग्रेस का राष्ट्रीय स्तर पर दो दिवसीय प्रतिज्ञा उज्वल भारत की सम्मेलन कार्यक्रम की आयोजन राजधानी में आयोजित है जिसमे *पंडरिया विधायक ममता/मनोज चंद्राकर सैकड़ों क्षेत्रीय महिला कार्यकर्ताओ के साथ की शिरकत की । अखिलभारतीय राष्ट्रीय महिला कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुश्री नेटा डिसूजा के अगवाई में देश की राजधानी दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में दो दिवसीय 17 अगस्त से 18 अगस्त तक *प्रतिज्ञा उज्वल भारत की सम्मेलन* कार्यक्रम का आयोजन आयोजित है जिसमे देश के हर राज्य से महिला कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में महिला कांग्रेस की कार्यकर्ता कार्यक्रम में शामिल हुई ।वही छत्तीसगढ़ से छत्तीसगढ़ महिला कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष एव सांसद राज्यसभा दीदी फूलो देवी नेताम के अगवाई में प्रदेश भर से महिला कांग्रेस के कार्यकर्ता एव पंडरिया विधायक ममता/मनोज चंद्राकर के मार्गदर्शन में पंडरिया



विधानसभा क्षेत्र से सैकड़ों महिला कांग्रेस कार्यकर्ता दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित प्रतिज्ञा उज्वल भारत की कार्यक्रम में सम्मिलित हुई कार्यक्रम अखिलभारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ प्रतिज्ञा उज्वल भारत की कार्यक्रम में प्रत्येक राज्य की अपने अपने प्रदेश की लोक नृत्य व सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से कलाकार अपने अपने राज्य की लोक नृत्य कला की छठा बिखेरी । अखिलभारतीय महिला कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुश्री नेटा डिसूजा के द्वारा पंडरिया विधायक ममता चंद्राकर को दुलारते पुचकारते हुए दिखी ।

---

# खुर्सीपार में शान से लहराया 100 फीट ऊंचा तिरंगा, देश भक्ति गीतों पर झूमे लोग

■ झंडे से खुर्सीपार को मिलेगी नई पहचान। हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा हमारा भिलाई: देवेंद्र यादव

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 18 अगस्त।** स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने भिलाईवासियों के लिए बहुत ही गर्व का काम किया है। 15 अगस्त के अवसर पर खुर्सीपार में 100 फीट ऊंचा तिरंगा फहराया गया है। यह संभवत प्रदेश का तीसरा सबसे ऊंचा तिरंगा है। जो खुर्सीपार में स्थापित किया गया है। इससे पहले प्रदेश का सबसे ऊंचा तिरंगा रायपुर के मरीन ड्राइव में स्थापित किया गया था। इसके बाद भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव की पहल से दूसरा तिरंगा शहीद पार्क सेक्टर 5 में स्थापित किया गया है और आज तीसरा



तिरंगा खुर्सीपार में स्थापित किया गया। इस अवसर पर महापौर और भिलाई नगर विधायक मुख्य रूप से उपस्थित रहे।स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर शहर भर में शान से तिरंगा फहराया गया। शहीद पार्क खुर्सीपार डोमशेड के पास पावर हाउस नेहरू नगर चौक ऐसे सैकड़ों स्थानों पर शान से तिरंगा फहराया गया। भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ध्वजा रोहन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इसी कड़ी में खुर्सीपार में 100 फीट ऊंचा तिरंगा स्थापित किया गया है जिसे आज 15 अगस्त के दिन विधायक ने फहराया और पूरे खुर्सीपार क्षेत्र के लोग इस आयोजन में प्रमुख रूप से उपस्थित रहे हैं। हजारों की संख्या में उपस्थित लोगों ने इस अवसर पर अपने आपको गौरवान्वित महसूस किया और भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव का दिल से आभार व्यक्त किया। सभी ने मिलकर राष्ट्रगीत गाय और तिरंगे को सलामी दी। कार्यक्रम समापन के बाद क्षेत्र के लोग तिरंगे के साथ और विधायक देवेंद्र यादव के साथ सेल्फी खिंचवाते नजर आए पूरे खुर्सीपार क्षेत्र में हर्ष और उमंग का माहौल है।

**फिर से स्थापित की शहीद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु की प्रतिमा**

पावर हाउस में शहीद ए आजम भगत सिंह सुखदेव और राजगुरु तीनों की प्रतिमा सालों से स्थापित है लेकिन यह प्रतिमा जहां स्थापित है वहां जर्जर स्थिति में थे, जिसे भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने साफ सुथरा कर रिनोवेट किया गया है और पूरी तरह से नया स्वरूप देकर शहीदे आजम भगत सिंह सुखदेव और राजगुरु की प्रतिमा को नया स्वरूप में पूरे सम्मान के साथ स्थापित किया गया है। आज 15 अगस्त के अवसर पर यहां भी विधायक देवेंद्र यादव ने ध्वजारोहण किया और नई प्रतिमाओं का अनावरण किया।

# पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि



**भिलाई, 18 अगस्त।** भारतीय जनता पार्टी जिला भिलाई द्वारा भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी बाजपेई की पुण्यतिथि पर भाजपा कार्यालय प्रियदर्शनी परिसर में श्रद्धांजलि कार्यक्रम रखा गया। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में स्व .अटल बिहारी बाजपेई के चित्र पर द्वीप प्रज्जवलित कर पुष्प माला अर्जित कर उन्हे श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष बृजेश बिजपुरिया ने याद करते हुए कहा वे छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता हैं। उन्होने अपनी राजनीति उस समय शुरू की जब उनकी उम्र 14-15 वर्ष होगी। वो जनसंघ, जनता पार्टी और फिर भारतीय जनता पार्टी बनने में उनका विशेष योगदान रहा। प्रधान मंत्री रहते पोखरण में परमाणु परीक्षण कर अदम्य साहस का परिचय दिया, अमेरिका की प्रतिबंध की धमकी के बाद भी 1 नहीं 2 बार परीक्षण कर अमेरिका को सकते में डाल दिया था। वरिष्ठ नेता प्रभुनाथ मिश्रा ने कहा कि वे डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी से प्रेरणा लेकर सक्रिय राजनीति में आए। 1942 से राजनीतिक यात्रा शुरू हुई, इस दौरान आपातकाल का दौर देखा उसके बाद दलों को जोड़कर मोरारजी देसाई की सरकार में विदेश मंत्री बने और संयुक्त राष्ट्र में हिन्दी में पहली बार उद्बोधन दिया था। खुर्सीपार मंडल अध्यक्ष एस एन सिंह ने उनके जीवन पर परिचय दिया तथा उसकी कविताओं को प्रस्तुत किया। साथ ही उनके याद में लिखी अपनी कविताओं को प्रस्तुत कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया।प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य शिरीष अग्रवाल ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा 2 सांसद से प्रधानमंत्री बनने तक हमेशा संगठन को सर्वोपरि माना। संगठन मजबूत होने से पार्टी भी मजबूत होती। संचालन महामंत्री प्रेमलाल साहू ने एवं आभार महामंत्री योगेंद्र सिंह ने किया। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में उपाध्यक्ष शिव सागर मिश्रा, विजेंद्र सिंह, महेश वर्मा, प्रवक्ता संजय सिंह, नेता प्रतिपक्ष भोज राज सिन्हा, पूर्व महापौर चंद्रकांता मांडले, महिला मोर्चा अध्यक्ष स्वीटी कौशिक, विजय शुक्ला, कन्हैया सोनी, अखिलेश वर्मा, गीता विश्वकर्मा, प्रमिला दुबे, कांति वर्मा, मीना गिरी, योजना दहाके,सरोज सिंह, कंचन सोनी, दिनेश मिश्रा, विश्वरंजन सिंह आदि उपस्थित थे।

---

# निगम मुख्यालय में शुरू हुआ हेल्प डेस्क, एक ही स्थान पर मिलेगी जानकारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 18 अगस्त।** निगम मुख्यालय सुपेला में अपने मकान, भूमि, टैक्स जैसे कार्यो के लिए आने वाले नागरिकों को एक ही स्थान पर जानकारी उपलब्ध हो सकेगी। जहॉ शासन की जनकल्याणकारी योजना तथा आवेदन की जानकारी दी जावेगी। नागरिकों की सुविधा के लिए निगम भिलाई में हेल्प डेस्क की स्थापना कर प्रारंभ किया गया है। हेल्प डेस्क के माध्यम से निगम में विभिन्न कार्यो के लिए आने वाले नागरिकों को अपने कार्य के लिए अब विभाग में भटकना नहीं पड़ेगा, सभी तरह के कार्य की जानकारी इस एकल खिड़की में मिल जाएगी। महापौर नीरज पाल एवं आयुक्त रोहित व्यास के




मार्गदर्शन में शुरू किये गए हेल्प डेस्क में नागरिक अपने आवेदन जमा कर आवेदन की स्थिति के बारे में अवगत हो सकेगें। हेल्प डेस्क में बैठे हुए कर्मचारी राशन कार्ड, सम्पत्तिकर, आवास, रजिस्ट्री, जन्म, मृत्यु, लाइसेंस नवीनीकरण, पेंशन, आधार कार्ड जैसे नागरिक सुविधाओं के संबंध में निगम के विभिन्न विभागो में किए जाने वाले कार्य की पूरी जानकारी भी नागरिकों को उपलब्ध कराएंगे। बता दे कि अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी एवं प्रोग्रामर सुश्री दिप्ती साहू की उपस्थिति में विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा अपने विभाग में किये जा रहे कार्यो की प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रस्तुत कर हेल्पडेस्क में बैठने वाले कर्मचारियों को प्रशिक्षित भी किया जा चुका है। भिलाई निगम क्षेत्र के नागरिकगण एवं हितग्राही किसी भी प्रकार की समस्या या किसी योजना का लाभ लेने से संबंधित जानकारी के लिए निगम मुख्यालय में आते है और कौन से कार्य किस विभाग से पूर्ण होगा इसकी पूरी जानकारी नहीं होने से परेशान होते है इस स्थिति से बचने के लिए महापौर एवं आयुक्त के निर्देश पर हेल्प डेस्क प्रारंभ किया गया है जहॉ नागरिकों को एक ही स्थान पर सभी विभागों की जानकारी प्राप्त हो सकेगी।

### सेल ने स्वदेशी युद्धपोत विंध्यगिरि के निर्माण के लिए 4000 टन स्पेशल स्टील की आपूर्ति की

**भिलाई, 18 अगस्त।** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने भारत के छठे स्वदेशी युद्धपोत ÷विंध्यगिरि÷ के ज़रूरी लिए पूरे 4000 टन विशेष स्टील की आपूर्ति करके देश की रक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को फिर से दोहराया है। यह युद्धपोत भारतीय नौसेना द्वारा शुरू की गई परियोजना क्क्ा 7 पहल का हिस्सा है और इसका निर्माण मेसर्स गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है। इस युद्धपोत का लांच भारत की माननीय राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू द्वारा 17 अगस्त, 2023 को किया जाना निर्धारित है। सेल

---

# 7 वें वेतनमान पर अब निगम कर्मियों को 9 प्रतिशत गृह भाड़ा भत्ता

**रिसाली।** नगर पालिक निगम रिसाली के कर्मचारियों को हर माह 3 से 4 हजार का फायदा मिलेगा। निगम आयुक्त आशीष देवांगन ने कर्मचारियों को 9 प्रतिशत गृह भाड़ा भत्ता देने के आदेश दिए है। रिसाली निगम में यह आदेश अगस्त से लागू होगा। उल्लेखनिय है कि पूर्व में निगम कर्मियों को छटवे वेतमान के पहले से 10 प्रतिशत गृह भाड़ा भत्ता मिल रहा था। शासन का नया आदेश आते ही निगम आयुक्त आशीष देवांगन ने अगस्त 2023 से कर्मचारियों को सातवे वेतनमान पर 9 प्रतिशत गृह भाड़ा भत्ता देने का आदेश जारी किया है। बढ़े हुए गृह भाड़ा भत्ता दिए जाने पर निगम कर्मियों में हर्ष का




माहौल है।

**डीए भी 42 प्रतिशत**-नए आदेश जारी होते ही कर्मचारी संगठन के अध्यक्ष गोपाल सिन्हा ने आयुक्त से सौजन्य मुलाकात की। उन्होंने संगठन की ओर से आयुक्त का आभार व्यक्त किया। संगठन के अध्यक्ष गोपाल सिन्हा ने कहा कि नियमित वेतन के साथ कर्मचारी अधिकारियों को बढ़ा हुआ 42 प्रतिशत डीए मिल रहा है।

**57 कर्मचारियों को मिला लाभ**-वर्तमान में रिसाली नगर पालिक निगम में 57 नियमित अधिकारी कर्मचारी है। गृह भाड़ा भत्ता बढ़ने से 3 से 4 हजार रूपए का फायदा होगा। वर्तमान में रिसाली निगम में द्वितीय श्रेणी के 3, तृतीय श्रेणी 41 और चतुर्थ श्रेणी के 13 कर्मचारी पदस्थ है।

### निगम की सामान्य सभा में आये 16 एजेंडों को बहुमत के आधार पर किया गया पारित

**भिलाई, 17 अगस्त।** नगर पालिक निगम भिलाई की सामान्य सभा आज निगम के सभागार में आयोजित हुई। सुबह 11 बजे राष्ट्रगान के साथ शुरू हुई सभा में 18 विषय निगम के सचिव द्वारा प्रस्तुत किया गया जिसमें से 2 विषय पर चर्चा उपरांत शेष 16 विषय को बहुमत के आधार पर पारित किया गया। सभा के प्रारंभ में आयुक्त रोहित व्यास ने निर्वाचन आयोग के निर्देश पर सदन में उपस्थित महापौर, अध्यक्ष, पार्षद, जनप्रतिनिधि व अधिकारियों को स्वतंत्र निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखने की शपथ दिलाई। इसके पश्चात महापौर नीरज पाल ने भिलाई निगम के सदन के 23 वर्ष पूर्ण होने पर इसके गरिमामय इतिहास के अपने अनुभव को सदन में साझा किए।

### सूने घर से लैपटाप सहित सामान चोरी

भिलाई, 18 अगस्त। भिलाई सुपेला थाना अंतर्गत गत रात्रि अज्ञात चोर घर में रखे लैपटॉप सहित अन्य सामान चोरी ले गया रिपोर्ट पर कर ले गए है पुलिस मामले में धारा 380,457 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है सुपेला पुलिस ने बताया कि अयप्पानगर स्ट्रीट 6 सुपेला निवासी प्रितेंद्र सिंह चौहान का गंजपारा जिला बेमेतरा में पैतृक मकान है 6 अगस्त की दोपहर करीब 12 बजे घर में ताला लगाकर सभी लोग बेमेतरा गए थे 11 अगस्त को आए तो देखे कि घर के सामने मेनगेट का सेंट्रल लॉक टूटा हुआ है। सामान चेक करने पर लैपटॉप, सीसीटीवी कैमरा का डीवीआर व अन्य सामान गायब था।

---

# उत्कृष्ट योगदान के लिए कला साधकों को दिया गया भुइयां सम्मान

भिलाई, 18 अगस्त। युवा कुर्मी मित्र मंडल भिलाई के गौरवमयी आयोजनों में से एक भुइयां सम्मान प्रति वर्ष के अनुसार इस वर्ष भी स्वाधीनता दिवस 15 अगस्त के संध्या बेला में 5~30 बजे कुर्मी भवन सेक्टर -7 में किया गया । जिसमें मुख्य अतिथि विजय बघेल, सांसद दुर्ग एवं अध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश कुर्मी क्षत्रिय समाज, अति विशिष्ट अतिथि पद्मश्री मदन चौहान, सुप्रसिद्ध सूफी भजन गयक, अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष दिनेश गौतम, तथा विशिष्ट अतिथि श्रीमती लता ऋषि चंद्राकर अध्यक्ष अखिल भारतीय कुर्मी महिला महासभा, सुनील चंद्राकर, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश कुर्मी क्षत्रिय समाज जिला दुर्ग, ईश्वरी वर्मा, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ी कुर्मी क्षत्रिय समाज भिलाई नगर, श्रीमती माया अमृत, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ी कुर्मी क्षत्रिय महिला समाज भिलाई नगर थे । कार्यक्रम की शुरुआत पूजा अर्चना का की गई । संस्था के अध्यक्ष दिनेश गौतम ने स्वागत भाषण दिया । भुइयां सम्मान की पत्रिका तथा छपने वाले वैवाहिक पत्रिका मिलन अंक 20 के लिए युवक-युवती का परिचय प्रपत्र का विमोचन किया गया । अतिथि उद्बोधन में मुख्य अतिथि



विजय बघेल ने छत्तीसगढ़ के कलाकारों की आर्थिक स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए उनके दशा और दिशा में सुधार पर जोर दिया, वहीं अति विशिष्ट अतिथि पद्मश्री मदन चौहान ने आयोजन टीम कुर्मी समाज होते हुए भी दूसरे सभी समाज के कलाकारों का सम्मान करने की जोरदार सराहना करते हुए अपने संगीत यात्रा शुरवात से पद्मश्री तक के सफर की बात रखी । इस आयोजन में छत्तीसगढ़ के ख्याति प्राप्त 6 लोककला साधकों को भुइयां सम्मान से सम्मानित किया गया । जिसमें अरुण निगम, पवन चंद्राकर चित्रांगद, महादेव हिरवानी, वीणा सेन्द्रे, चुरामन सेन, श्रीमती शिवानी जंघेल । इस अवसर पर छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक प्रस्तुति संतोष ढीमर, विनिता ढीमर की टीम के साथ ही छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध लोक गायक गायिकाओं में से रमा दत्त जोशी बहने, भरथरी गायिका रेखा जलक्षत्री, रजनी रजक, दुष्यंत हरमुख एवं सम्मानित होने वाले कलाकारों में पवन चंद्राकर, शिवानी जंघेल, महादेव हिरवानी तथा पद्मश्री मदन चौहान ने अपनी प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का संचालन संस्था के महासचिव हेमंत चंद्रा, मोरध्वज चंद्राकर, गोपाल कृष्ण वर्मा एवं योगेंद्र वर्मा ने किया। आभार प्रदर्शन संस्था के उपाध्यक्ष अजय चंद्राकर ने की । इस अवसर पर संस्था के कोषाध्यक्ष कृत्र राम मढरिया, डॉ राजेंद्र हरमुख, चंद्र कुमार वर्मा, कोमल धुरंधर, पवन चंद्राकर, पवन दिल्लीवार, मीनाक्षी वर्मा, डॉ. शालिनी वर्मा, रीना देशमुख, सरिता मुरारी चंद्राकर, डॉ. संगीता चंद्राकर, चित्रा चंद्रा, डॉ. दुलारी चंद्राकर, रुपा वर्मा ,अन्नपूर्णा वर्मा, पूर्णिमा वर्मा, प्रेमलाल पिपरिया, राजेश वर्मा, डॉ. गिरधर चंद्रा, दीनानाथ सिंगसार्वा, गजेंद्र चंद्राकर , पीला राम वर्मा, सुधीर खिचरिया , विजेंद्र वर्मा, बलराम चंद्राकर ,वेद चंद्राकर ,युगल किशोर चंद्राकर, ऋषि चंद्राकर, दिलीप देशमुख, राम नारायण वर्मा, बरसाती चद्रा, राजेश कौशिक, डाकेश्वर परगनिहा आदि समाजिक बंधुओं के साथ-साथ पूर्व में भुइंया सम्मान से सम्मानित कृष्ण कुमार पाटिल, डॉ डीपी देशमुख, हरि सेन, जागेश्वरी मेश्राम आदि लोक कलाकार उपस्थित थे।

### सड़क हादसे में महिला की मौत

**भिलाई, 18 अगस्त।** भिलाई कुम्हारी चौक के पास सड़क पार कर रही एक महिला ईंधन परिवहन करने वाले एक टैंकर की चपेट में आ गई। इस सड़क हादसे में महिला को गंभीर चोट लगी उसकी मौके पर मौत हो गई अभी तक मृतका की पहचान नहीं हो सकी है पुलिस मामले की जांच में जुटी है कुम्हारी टीआई केशव कोशले ने बताया कि कुम्हारी चौक के पास एक महिला सड़क पार कर रही थी तभी राजधानी रायपुर की ओर से आ रहे तेज रफ्तार एक टैंकर ने महिला को अपनी चपेट में ले लिया महिला की उम्र करीब 45 साल के आसपास है पुलिस ने उसके शव को चीरघर भिजवाया है और उसकी पहचान की कोशिश कर रही है।

### नगपुरा के बैंक आफ महाराष्ट्र के एटीएम में तोड़फोड़

**भिलाई, 18 अगस्त।** भिलाई नगपुरा के बैंक आफ महाराष्ट्र के एटीएम में चोरी की नीयत से तोड़फोड़ की घटना हुई है अज्ञात आरोपित ने एटीएम के शटर का ताला तोड़कर भीतर प्रवेश किया और एटीएम में तोड़फोड़ की लेकिन असफल होने पर वो वहां से भाग निकला।

# गोबर, बांस और मोती से बनी आकर्षक राखियों से सजेंगी भाइयों की कलाइयां



**रायपुर, 18 अगस्त।** आगामी 30 अगस्त को रक्षाबंधन के अवसर पर गरियाबंद जिले के स्व-सहायता समूह की महिलाओं द्वारा गोबर, बांस और मोती से निर्मित आकर्षक इको फ्रेंडली राखियां भाइयों की कलाईयों पर सजेगी। इसके लिए समूह की महिलाओं द्वारा जोर-शोर से राखियों के निर्माण लगी हुई है। राखियां निर्माण में जिला प्रशासन द्वारा विशेष रूप से मदद की जा रही है। ताकि उन्हें त्यौहार के सीजन में बाजार की उपलब्धता करा सके।

गरियाबंद जिला प्रशासन की अधिकारियों ने चर्चा के दौरान बताया कि पैरी बंधन के तहत व राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत जिले की 13 महिला समूहों के द्वारा बांस की कलात्मक राखियां, गोबर, मोती, रत्नजड़ित राखियों का निर्माण किया जा रहा है। कलेक्टर श्री आकाश छिकारा के मार्गदर्शन में जिले के सभी विकासखण्डों में बड़े एवं बच्चों की कलात्मक पैरी राखियां का विविध कलाकृतियों के माध्यम से व्यापक स्तर पर समूह द्वारा सुंदर, आकर्षक व पर्यावरण सुरक्षित राखियों का निर्माण किया जा रहा है। समूह की महिलाओं द्वारा अब तक 7000 राखी का निर्माण किया जा चुका है। 2,235 राखियाँ विक्रय कर 26 हजार 285 रूपये आय प्राप्त कर चुका है। समूह की दीदियां द्वारा राखी तैयार करने में अनाज, धान, चावल, दालों के अलावा कुमकुम, मौली धागा का उपयोग किया जा रहा है। समूह की दीदियों द्वारा बड़े पैमाने पर रत्नजड़ित मोती, गोबर, बांस से भी राखी बनाई जा रही है। इन राखियों की गरियाबंद सहित पदेश के अन्य जिलों में भी काफी मांग है। दीदियों ने इस साल लगभग 40 हजार राखियां तैयार करने का लक्ष्य रखा है। रक्षाबंधन के बाद भाई चाहें तो बीजों से बनी राखियों को गमले में लगा सकते है। इन बीजों से निकलने वाले पौधे लंबे समय तक भाई बहन के स्नेह के प्रतीक के रूप में दिखते रहेंगे। महिला स्व-सहायता समूहों को राखी तैयार करने से लेकर बाजार उपलब्ध कराने तक में जिला प्रशासन मदद कर रहा है। इन इको फ्रेंडली राखियों की कीमत 30 रूपये से लेकर 250 रूपये तक है। बंधन नेह का, बहनों के स्नेह का, पुनीत बंधन, बढ़ेगा गौधन, आओ बच्चों बांधे, पैरी का पवित्र रक्षा सूत्र, बच्चों का हाथ, पैरी बन्धन के साथ, मोतियों से बंधा, पैरी का अटूट बंधन, रत्नों से जड़ा, पैरी का अटूट बंधन जैसे स्लोगन के साथ इस पैरी बंधन अभियान को आगे बढ़ाया जा रहा है।

# बांध में डूबने से नेहरू महाविद्यालय के छात्र की मौत

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**डोंगरगढ़ 18 अगस्त।** नेहरू महाविद्यालय के छात्र के बांध में डूब जाने से आज मौत हो गई. मौत की खबर मिलते ही परिजनों सहित नगर में शोक की लहर दौड़ गई. बताया जाता है कि बी.काम प्रथम वर्ष का छात्र गुरुवार के सुबह घर से कालेज के लिए निकला था तथा छूटी के बाद अपने कॉलेज के आधा दर्जन दोस्तों के साथ डोंगरगढ़ के समीप ग्राम पंचायत चौथना से महज 2 कि.मी. दूरी पर भर्रीटोला बांध परिजनो को बीना बताये गए थे। जहाँ पर नहाने के दौरान छात्र का पैर फिसल गया जिससे व गहरे पानी में चला गया। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार डैम में दो मछुआरों ने गहरे पानी से निकाला। इस घटना कि सूचना 112 को दी गई परंतु अस्पताल लाते वक्त छात्र की साँसे रुक गई और डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

**हृदयविदारक घटना से धर्मनगरी में शोक की लहरः** होनहार छात्र के आकस्मिक निधन की जानकारी मिलते ही सामाजिक लोगों सहित वार्ड वासियों का जनसैलाब सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुँच कर रोते बिलखते परिजनों को उनके एकलौते सुपुत्र की मृत्यु पर संवेदना प्रकट कर ढांढस बंधाने का प्रयास किया।

**छात्र के निधन की जानकारी शाम तक महाविद्यालय प्रबंधन को नहींः** नेहरू महाविद्यालय प्रभारी प्राचार्य ई. वी. रेवती ने चर्चा में बताया कि आपके माध्यम से जानकारी मिली तो पता चला महाविद्यालय के छात्र की आकस्मिक दुर्घटना से मृत्यु हो गई है। हमें पुलिस व अस्पताल के कर्मचारियो ने घटना के संबन्ध में किसी प्रकार की कोई जानकारी से अवगत नहीं कराया है । वही प्रचार्य ने बताया कि ये छात्र कॉलेज आया था व क्लास अटेंड कर 10.40 को छुट्टी होने के बाद चला गया।

## एक नजर

### उत्कल विकास मंच ने सोल्लास मनाया आजादी का पर्व

**रायपुर, 18 अगस्त।** उत्कल विकास मंच के सचिव सत्यानंद तांडी ने बताया कि 15 अगस्त को उत्कल समुदाय की केंद्रीय संस्था उत्कल विकास मंच के कार्यवाहक अध्यक्ष गोपाल बाघ द्वारा मधुसूदनदास चौक स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ नेता उत्कल विकास मंच के अध्यक्ष दानीराम नायक ने ध्वजारोहण कर तिरंगा झंडे को सलामी दी। कार्यक्रम में समाजिक नेता मोहन वर्ल्याणी उत्कल नेता आनंद ताण्डिया, सचिव सत्यानंद ताण्डी, बबलु बाघ, बालेश्वर सोना, तेजुराम सोनानी, सिंदूर नायक, रमेश महानंद, संतोष हियाल, सुधीर बाघ सदाशिव सोना, रोहित ताण्डी, शरदजाल, संतोष सोनी, जनक हरपाल, राधे दुर्गा आदि उपस्थित थे।

### ईद का चार दिवसीय कार्यक्रम अगले माह



**रायपुर, 18 अगस्त।** शहर सीरतुन्नबी कमेटी के फाउण्डर मेम्बरों की बैठक हाजी शेख नाजिमुद्दीन की अध्यक्षता में हुई जिसमें यह निर्णय लिया गया कि आगामी सितंबर माह में पैगम्बर हजरत मोहम्मद की विलादत जश्ने ईद मिलादुन्नबी का चार दिवसीय कार्यक्रम हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। उपरोक्त कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु फाउण्डर मेम्बर कमेटी ने हाजी मो. आरिफ भिन्सरा को कार्यवाहक सदर और हाजी मो.बदरुद्दीन खोखर को जनरल सेकेटरी मुंतखब करते हुए जश्ने ईद मिलादुन्नबी के कार्यक्रमों का दायित्व सौंपा है। बैठक में सदर हाजी शेख नाजिमुद्दीन सहित फाउण्डर मेम्बर हाजी सलीम अशरफी, हाजी शफीक अहमद (फुग्गा भाई), हाजी जावेद रजा, मोईनुद्दीन, हाजी बदरुद्दीन खोखर, इकबाल शरीफ, डॉ. मुजाहिद अली फारूकी सहित अनेक समाज के प्रतिष्ठित नागरिक उपस्थित थे।

### एशियाटेक्स नामक टैक्सटाइल्स का फेयर मुंबई में




**रायपुर 18 अगस्त।** हिंदुस्तान चेंबर ऑफ कॉमर्स के तत्वावधान में एशियाटैक्स -2023 नामक टेक्सटाइल ट्रेड फेयर 31 अगस्त से 2 सितंबर 2023 के दौरान मुंबई- बीकेसी के जिओ वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में आयोजित होगा.3 दिन का यह ड्ढ2ड्ढ फेयर होगा,जो एशियाटैक्स का पांचवा संस्करण होगा. हिंदुस्तान चैंबर ऑफ कॉमर्स के प्रमुख शिखरचंद जैन ने कहा कि चेंबर के 125 वर्ष पूरे होने से इस फेयर में 125 विशालकाय स्टॉल होंगे. यह स्टाल 904 वर्ग फीट से 97 वर्ग फीट के होंगे. ज्यादातर प्रदर्शक मुंबई, भिवंडी, सूरत, इचलकरंजी,भीलवाड़ा,अहमदाबाद और अन्य टेक्सटाइल हब के होंगे.15,000 से अधिक ट्रेड विजिटरों के फेयर को विजिट करने की धारणा है. इस फेयर में यार्न, कपड़ा, मेडअप्स,टेक्निकल टेक्सटाइल्स, यूनिफॉर्म कपड़ा,होम टैक्सटाइल्स, फर्नीशिंग,निट्स, गारमेंट्स आदि की विस्तृत रेंजदिखाई देगी. यह फेयर 60000 वर्ग फीट में फैला होगा.25000 वर्ग फीट में स्टाल होंगे.बाकी की जगह में स्टेज,वीआईपी लांज, बिजनेस नेटवर्किंग सेशन स्पेस,मीटिंग सेंटर,कान्फ्रेंस रूम, कॉफेटेरिया आदि होगा. एशिया टेक्स ऑर्गेनाइजिंग कमेटी के कन्वीनर सुशील आर. गाडिया हैं.पब्लिक रिलेशन कमेटी के कन्वीनर उत्तम वी जैन है. हिंदुस्तान चेंबर ऑफ कॉमर्स के उपाध्यक्ष सज्जन कुमार डोकानिया है.मानद मंत्रियों में अनुराग पोद्दार,विनोद जे. लोढा,निर्मल कुमार गुप्ता का समावेश है.कोषाध्यक्ष संजीव डी.बुबना है।

### टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने नई टोयोटा रुमियन-प्रतिष्ठा वाली फैमिली कार पेश की

**रायपुर 18 अगस्त।** पूरी तरह नई टोयोटा रुमियन ग्राहकों की विभिन्न प्राथमिकताओं और जरूरतों के अनुरूप पेट्रोल (नियोड्राइव) और ई-सीएनजी पावरट्रेन विकल्पों में उपलब्ध है। बेजोड़ प्रदर्शन का दावा शक्तिशाली 1.5 लीटर वाले के सीरिज के पेट्रोल इंजन और एकीकृत स्टार्टर जेनरेटर (आईएसजी) टेक्नालॉजी तथा ई-सीएनजी टेक्नालॉजी की बदौलत पेट्रोल वाले रूपांतर में 20.51 किलोमीटर / लीटर और सीएनजी रूपांतर में 26.11 किमी/किग्रा की उत्कृष्ट ईंधन दक्षता सुनिश्चित करता है। मैनुअल और ऑटोमैटिक दोनों के शौकीनों के लिए उपलब्ध, ऑल न्यू टोयोटा रुमियन 5-स्पीड मैनुअल ट्रांसमिशन और स्मूथ 6-स्पीड ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन के विकल्प के साथ एक सहज ड्राइविंग अनुभव प्रदान करता है। स्टाइलिश और प्रीमियम बाहरी डिज़ाइन, खुली और पूरी जगह वाले आरामदायक इंटीरियर के साथ, ऑल न्यू टोयोटा रुमियन परिवार की यात्रा आवश्यकताओं के लिए एक आदर्श विकल्प है। ऑल न्यू टोयोटा रुमियन टोयोटा आई -कनेक्ट, स्मार्टफोन और स्मार्टवॉच कनेक्टिविटी, वायरलेस एंड्रॉइड ऑटो के साथ एक उन्नत 17.78 सेमी स्मार्टप्ले कास्ट टचस्क्रीन ऑडियो, ऐप्पल कार प्ले और इमर्सिव ऑडियो अनुभव के लिए आर्कमिस सराउंड सेंस जैसी तकनीकी सुविधाएँ प्रदान करता है ।

# वन संरक्षण के प्रति बढ़ी जागरूकता



**रायपुर, 18 अगस्त।** छत्तीसगढ़ में वन विभाग अंतर्गत कैम्पा प्राधिकरण द्वारा स्कूली बच्चों में वन संरक्षण के प्रति जागरूकता के लिए प्रदेशव्यापी प्रशिक्षण सह जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत वन मितान जागृति कार्यक्रम के माध्यम से राज्य में कुल 509 कैम्पों का आयोजन किया जा चुका है। इन कैम्पों के माध्यम से 2 हजार 357 शिक्षक, 15 हजार 824 छात्र और 16 हजार 295 छात्राएं सहित कुल 34 हजार 476 लोगों को विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से वनों के प्रति जागरूक किया जा चुका है।गौरतलब है कि वन प्रबंधन में भागीदारी के प्रथम चरण के रूप में वन, वन्यप्राणी एवं पर्यावरण के महत्व के संबंध में प्रशिक्षण सह जागरूकता की अहम भूमिका होती है। इस तारतम्य में वन क्षेत्रों के निकटवर्ती विद्यालयों के विद्यार्थियों को वनों के प्रबंधन में सहभागी बनाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप वन मंत्री श्री मोहम्मद अकबर के मार्गदर्शन में कैम्पा प्राधिकरण द्वारा जागरूकता शिविरों का आयोजन निरंतर जारी है। इसके माध्यम से कक्षा 6वीं से 12वीं तक के छात्र-छात्राओं को वन संरक्षण के लिए जागरूक किया जा रहा है। जिससे वे पर्यावरण के प्रति उत्तरदायी व्यवहार अपनाएं और उनमें प्राकृति संरक्षण के प्रति संवेदनशीलता स्वतः विकसित हो सके। इसके तहत राज्य के 43 वनमंडलों में कुल 624 कैम्प का आयोजन किया जाना है। प्रधान मुख्य वन संरक्षक श्री व्ही. श्रीनिवास राव ने बताया कि कार्यक्रम के तहत जैव-विविधता एवं वानिकी कार्यों के महत्व और प्रकृति भ्रमण कर पेड़-पौधों और पारिस्थितिकीय तंत्र का परिचय, वनों की भूमिका, मृदा, जड़ तंत्र और वृक्ष के घटक एवं वनौषधियों की जानकारी दी जा रही है। वन्यप्राणियों की पहचान एवं उनकी आदतें, भोजन, शारीरिक संरचना संबंधी जानकारी, कीट-पतंगों की पहचान, सरीसृप जीवों की पहचान, जंगली पशुओं के चिन्ह संबंधी जानकारी तथा वन्यप्राणियों का पारिस्थितिकीय तंत्र में महत्व आदि से अवगत कराया जा रहा है। साथ ही विभिन्न जीवों का मानव जीवन में महत्व इत्यादि की जानकारी भी दी जा रही है। जागृति शिविरों के आयोजन से स्कूली बच्चों में वनों के प्रति जागरूकता बढ़ी है।

# बहन से छेड़खानी करने से मना करने पर आरोपियों नें भाई पर किया जानलेवा हमला

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**डोंगरगढ़ 18 अगस्त।** बहन को छेड़खानी करने से मना करने के विवाद को चलते दो भाईयो ने धारदार हथियार से वार कर जानलेवा हमला कर फरार हो गए. पुलिस से मिली जानकारी में बताया गया कि प्रार्थी दानीबाई गोसाई ने थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि 15 अगस्त को मेरे नाती शंकर गोसाई पिता मानसिग 18 वर्ष वार्ड क्रमांक 10 कालकापारा को मेरी नातिन ने बताया था कि स्कूल जाते वक्त लड़के छेड़छाड़ करते है जिस पर शंकर द्वारा समीर बांधे पिता चिंताराम बांधे व उसके भाई को बहन से छेड़खानी का विरोध करते विवाद हुआ था और 17/08/23 को सुबह लगभग 9.30 बजे अपनी बहन को बधियाटोला स्कूल छोड़ने के बाद आते वक्त सेंटपेलोटी स्कूल चौक के पास समीर बांधे व उसके भाई के द्वारा शंकर को रोक कर 15 अगस्त के विवाद को दोहराते हुए कहा कि क्यों उस दिन तो ज्यादा होशियार बन रहा था कहकर माँ बहन की गंदी गंदी गाली देते हुए अपने पास रखे धारदार हथियार से दाहिने हाथ व सिर में वार कर जानलेवा हमला कर लहूलुहान कर दिया । पुलिस ने बताया कि वारदात की जानकारी मिलने पर तत्काल पुलिस घटनास्थल पर पहुंची परंतु वार्डवासियों की मदद से पीड़ित को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया जा चुका था और सिर पर गंभीर चोट लगने की वजह डाक्टरों द्वारा जिला मेडिकल कॉलेज रिफर किया गया। पुलिस ने अपराध क्र 505/23 धारा 294, 324, 506, 341, 34 कायम कर मामले को विवेचना में लेते हुए फरार आरोपियों की तलाश तेज कर दी है। वहीं इस मामले को लेकर थाना प्रभारी राम अवतार ध्रुव ने बताया की एक महिला ने थाने में आ कर रिपोर्ट दर्ज कराई जिसमें वह अपने नाती जो की खून से लथपथ घर आया उसे तत्काल स्थानीय अस्पताल ईलाज हेतु ले गई पीड़ित महिला ने बताया की उसके नाती के साथ उसकी बहन को छेड़छाड़ करने वाले समीर बांधे के साथ लड़ाई झगड़ा हुआ था उस झगड़े को लेकर उसके नाती को बधियाटोला के पास समीर बांधे एवम् उसके भाई ने रोककर धार दार हथियार से हमला कर दिया आगे विवेचना जारी है।

# भक्तेश्वर वैष्णव बने एनएसयूआई के प्रदेश सचिव



**रायपुर 18 अगस्त।** छात्रों की समस्याओं और सुविधाओं के लिए हमेशा तत्पर रहने वाले छात्र संगठन एनएसयूआई ने हाल ही में प्रदेश कार्यकारिणी का विस्तार कर छात्र नेताओं का नियुक्ति किया जिसमें रायपुर के बहुचर्चित छात्र नेता भक्तेश्वर वैष्णव को प्रदेश सचिव के तौर पर संगठन ने जिम्मेदारी दी है भक्तेश्वर वैष्णव काफी लंबे समय से एनएसयूआई से जुड़े हुए हैं एवं छात्रों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं एवं मुद्दों को लेकर हमेशा संघर्ष किए हैं अनेको ज्ञापन तथा धरना आंदोलनों में अपनी पूरी टीम के साथ शामिल होते आए हैं भक्तेश्वर वैष्णव वर्तमान में पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय परिसर स्थित विधि अध्ययनशाला में अध्यनरत है। वैष्णव अपने सभी शीर्ष नेताओं एवं साथियों का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया।

### दीपांशु का हुआ संभाग स्तरीय खेल में चयन



**मोहला 18 अगस्त।** शालेय जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन अंबागढ़ चौकी द्वारा आयोजित जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में अंडर-17 के अंतर्गत स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल अंबागढ़ चौकी में अध्ययनरत कक्षा दसवीं के छात्र दीपांशु कुंभकार पिता दिलीप कुंभकार का चयन संभाग स्तरीय लंबी कूद प्रतियोगिता के लिए किया गया है दीपांशु ने जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में अंडर-17 के लंबी कूद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान एवं 100 मीटर की रेस में द्वितीय स्थान प्राप्त कर अपने विद्यालय एवं अंबागढ़ चौकी नगर के नाम गौरांवित किया।

# कलेक्टर ने कलेक्टोरेट में फहराया राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**मोहला 18 अगस्त।** कलेक्टर एस जयवर्धन ने स्वतंत्रता दिवस पर्व पर आज कलेक्टोरेट में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। कलेक्टर श्री जयवर्धन ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किया। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। इस अवसर पर उन्होंने सभी अधिकारियों व कर्मचारियों से कहा कि जनसामान्य की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुने और गंभीरतापूर्वक निराकरण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जनसामान्य अपनी एक अपेक्षा और उम्मीद के साथ उपस्थित होते हैं। हमारा दायित्व है कि हम उनकी समस्या का निदान कर उन्हें लाभान्वित करें। कलेक्टर ने कहा की आगामी समय से और बेहत्तर कार्य करते हुए जिले का नाम रोशन करें। इस मौके पर अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी सुश्री दीप्ति गौते, अपर कलेक्टर प्रेमलता चंदेल, डिप्टी कलेक्टर डॉ.हेमेंद्र भूआर्य, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत हेमंत ठाकुर, अन्य जिला स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# छतीसगढ़ सहायक शिक्षकों ने धरना स्थल पर फहराया तिरंगा झंडा

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**मोहला 18 अगस्त।** छत्तीसगढ़ सहायक समग्र शिक्षक फेडरेशन के वेतन विसंगति को दूर करने की मांग को लेकर प्रांतीय टीम के आह्वान पर जिला इकाई मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी द्वारा अपनी मांगों को लेकर किए जा रहे अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन के दौरान स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर फेडरेशन ने धरना स्थल पर ही ध्वजारोहण कर हर्षोल्लास के साथ स्वतंत्रता दिवस मनाया गया ।इस अवसर पर आंदोलनरत शिक्षक शिक्षिकाओं ने पूरे उल्लास के साथ मां छुरिया मंदिर प्रांगण,मोहला में स्थित पंडाल को रंग-बिरंगे गुब्बारे तोरण पताके से सजाया गया उसके पश्चात ध्वजारोहण किया गया आंदोलनरत शिक्षकों ने वीर शहीदों को याद करते हुए गीत, कविता और देशभक्ति उद्बोधन भी दिए।सभी सरकार को कोसते हुए एक स्वर में कहा कि,सरकार के वादा खिलाफी के कारण आज हम इतने बड़े राष्ट्रीय त्यौहार पर स्कूल में न होकर धरना स्थल पर हैं।हमारे अंदर देशभक्ति का जज्बा भी है,तो अपने अधिकारों की लड़ाई में एक होकर लड़ने का जुनून भी है।सरकार की अड़यल रवैए के करना हम आंदोलन करने मजबूर हैं।जिला स्तरीय आंदोलन में जिला अध्यक्ष शिवेंद यादव,सुशील शांडिल्य, देवकुमार यादव,चंद्रशेखर ठाकुर, भजन साहू, तुलसी अंबादे, किशोर साहू,राजेश्वर साहू,तामेश्वर साहू,पवन रामटेके, जीतेश ठाकुर,नेहा खंडेलवाल,ममता साहू,स्वाति सोनवानी,सहित बड़ी संख्या में आंदोलनरत साथी उपस्थित रहे।

### कार्यकर्ताओं ने केक काटकर मनाया अरविंद केजरीवाल का जन्मदिन




**अंवरी 18 अगस्त।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक व दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जी के जन्मदिन के अवसर पर कुरुद में पार्टी कार्यकर्ताओं ने केक काटकर जन्मदिन बनाया , आंदोलन से निकले अरविंद केजरीवाल आज राष्ट्रीय स्तर पर अपनी छाप छोड़ चुके है बहोत कम समय मे ही आम आदमी पार्टी राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा हासिल कर चुकी है , अरविंद केजरीवाल की सूझ बूझ और लोकप्रियता के कारण तीन बार दिल्ली में चुनाव जीत चुके है, पंजाब में भी आप की पूर्ण बहुमत की सरकार है, गुजरात, गोवा में भी पार्टी काफी कुछ हासिल कर चुकी है आम आदमी पार्टी व अरविंद केजरीवाल से काफी उम्मीदें है आज फ्री बिजली, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य को लेकर लोग अरविंद केजरीवाल को मॉडल मान रहे है आज के कार्यक्रम में तेजेन्द्र तोड़ेकर, चेतन सिन्हा, भूषण साहू, देवनारायण चन्द्राकर, पुरोहित बंजारे, राजीव साहू, जनक ध्रुवंशी, मनोज नगारची, भूपेश साहू, शंकर नगारची, पोखराज निर्मलकर, संतोष साहू, चंद्रशेखर लहरे उपस्थित रहे ।

### अंवरी स्कूल में किया ध्वजारोहण



**अंवरी18 अगस्त।** शासकीय उच्च माध्मिक विद्यालय अंवरी में ध्वजारोहण किया गया तत्पश्चात बच्चों द्वारा रैली निकाली गई जिसमें गांव के चौक चौक के झंडों को फहराया गया और गली भ्रमण करते हुए बच्चे नारा लगाते लगाते रहे वंदे मातरम भारत माता की जय कहते हुए यथा स्थान स्कूल में पहुंचा फिर बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम किया गया जिसमें शाला विकास समिति अध्यक्ष भुनेश्वर साहू, सदस्य बालाराम ध्रुव, उदय चरण बाजरे, प्रभारी प्राचार्य इंदल साहू, पी एन साहू, परमिला सिन्हा, नंदनी सिन्हा, भुवन लाल जोशी, शिक्षक शिक्षिका और बड़ी संख्या में छात्र-छात्रा ग्रामीण जन सम्मिलित हुए।

### चेम्बर प्रतिनिधि मंडल ने पुलिस महानिदेशक से की सौजन्य मुलाकात



**रायपुर 18 अगस्त।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव,राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि आज चेंबर प्रदेश अध्यक्ष श्री अमर पारवानी जी के नेतृत्व में चेंबर प्रतिनिधिमंडल ने श्री अशोक जुनेजा, पुलिस महानिदेशक, रायपुर से सौजन्य मुलाकात की। इस अवसर पर चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष-विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, उपाध्यक्ष टी. श्रीनिवास रेड्डी, मनोज जैन, मंत्री निलेश मूंधड़ा एवं अमित अग्रवाल उपस्थित रहे।

### होलसेल कॉरिडोर को लेकर एनआरडीए के अध्यक्ष से मिला चेंबर प्रतिनिधिमंडल



**रायपुर 18 अगस्त।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तम गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि आज होलसेल कॉरिडोर की प्रक्रिया तेज करने एवं प्रस्तावित भूमि में विस्तार करने हेतु चेंबर अध्यक्ष श्री अमर परवानी जी के नेतृत्व में चेंबर प्रतिनिधिमंडल ने एनआरडीए अध्यक्ष श्री एसएस बजाज जी से मुलाकात की जिसमे डॉ. राकेश गुप्ता विशेष रूप से उपस्थित थे । चेंबर अध्यक्ष श्री अमर पारवानी ने बताया कि होलसेल कॉरिडोर को लेकर एनआरडीए के अध्यक्ष श्री एस एस बजाज से चैंबर प्रतिनिधि मंडल ने मुलाकात कर विस्तृत चर्चा की तथा होलसेल कोरिडोर को मूर्त रूप प्रदान करने हेतु आगामी प्रक्रियाओं को शीघ्रता शीघ्र पूरा करने निवेदन किया। श्री पारवानी जी ने आगे बताया कि होलसेल कॉरिडोर हेतु प्रदेश सरकार द्वारा 1000 एकड़ भूमि का लैंड यूज चेंज किया गया है जिसके लिए हम मुख्यमंत्री माननीय श्री भूपेश बघेल जी का प्रदेश के समस्त व्यापारियों की ओर से धन्यवाद ज्ञापित करते हैं।

संपादकीय

## विपक्षी मोर्चा में विवाद थम नहीं रहे

विपक्ष की राजनीति में सबसे मुश्किल काम होता है चुनाव तक एकजुटता को बनाए रखना, एकजुटता को दिखाना। यही वजह है तो विपक्षी दलों की बैठक होने के बाद भी देश में आए दिन ऐसी खबरे आती रहती है कि विपक्षी दलों में किसी न किसी बात को लेकर विवाद है। विपक्षी दलों पर एक दूसरे पर भरोसा नहीं है। उनके बीच विवाद के निपटाने का कोई सिस्टम नहीं हैं। विपक्षी दलों के मोर्चा में दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल बड़ी मुश्किल से शामिल हुए थे। वह भी अपनी शर्त पर कि कांग्रेस संसद में दिल्ली सेवा बिल पर उसका समर्थन करने का वादा करे। कांग्रेस ने वादा किया और संसद में निभाया। इससे ऐसा लग रहा था कि कांग्रेस आम आदमी पार्टी को विपक्षी मोर्चा में शामिल कनरे के लिए कोई भी कीमत चुकने को तैयार है। यानी कांग्रेस नेतृत्व चाहता है कि हर कीमत पर विपक्ष की एकता होनी चाहिए और वह बनी भी रहनी चाहिए। विपक्ष के दल चाहते थे कि कांग्रेस विपक्षी एकता के लिए कुर्बानी दे। कांग्रेस ने दूसरी बैठक व उसके बाद अपने आचरण से ऐसा दिखाया भी। राहुल गांधी की सांसदी बहाल हुई तो राहुल गांधी बिहार गए तथा लालू यादव से मुलाकात भी की। इससे ऐसा संदेश गया कि राहुल गांधी खुद विपक्ष के नेताओं से मुलाकात कर विपक्ष एकता को मजबूत करने का प्रयास कर रहे हैं। सबकुछ ठीक चल रहा था कि महाराष्ट्र से खबर आई कि शरद पवार ने अजीत पवार के बीच कुछ गुप्त मुलाकातें हुई है। इससे अफवाह उड़ी कि शरद पवार भाजपा के साथ सौदेबाजी कर रहे हैं। वह अजीत पवार की बात मान कर एनडीए में जाने की सोच रहे हैं। इससे विपक्षी एकता को लेकर फिर सवाल खड़े हो गये। शरद पवार का मामला अभी ठंडा नहीं हुआ था दिल्ली कांग्रेस का विवाद सामने आ गया। बताया जा रहा है कि दिल्ली में कांग्रेस की हुई बैठक में राहुल गांधी, अध्यक्ष खरगे सहित कई बड़े नेता मौजूद थे। खबर है कि बैठक में दिल्ली कांग्रेसस ने साफ कह दिया है कि वह दिल्ली की सातों लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ेगी वह आप के साथ मिलकर दिल्ली को लोकसभा चुनाव नहीं लड़ेगी। इससे विपक्षी मोर्चा की एकता को लेकर सवाल खड़े हो गए है कि यह कैसी एकता है कि कोई भी दल बिना दूसरे दलों से विचार कर यह घोषणा कैसे कर सकता है कि वह दिल्ली की सातों लोकसभी सीटों पर अकेले चुनाव लड़ेगा। कांग्रेस की दिल्ली इकाई व पंजाब इकाई ने शुरू से ही आप के साथ किसी तरह के तालमेल का विरोध किया था। पार्टी आलाकमान तक यह बात पहुंचाई गई थी कि यदि आलाकमान आप के साथ किसी तरह का तालमेल राष्ट्रीय स्तर पर करता भी है तो दिल्ली व पंजाब इकाई आप का विरोध राज्य स्तर पर करेगी। दिल्ली व पंजाब इकाई ने तो आप के प्रति अपने विचार पहले आलाकमान को बता दिए थे। इसके बाद भी आलाकमान को राष्ट्रीय स्तर पर आप के जाना पड़ा तो इसे राज्य की इकाई ने पसंद नहीं किया है। अंत में आलाकमान को दिल्ली ईकाई को छूट देनी पडी है कि आप सातों सीटों पर चुनाव की तैयारी करो। कांग्रेस आलाकमान ने ऐसा करके दिल्ली व पंजाब इकाई की नाराजगी को दूर करने का प्रयास किया है। हो सकता हो उसकी सोच हो चुनाव के पहले दिल्ली व पंजाब इकाई को मना लिया जाएगा। कांग्रेस की बैठक में लिए गए निर्णय का आप ने खुला विरोध नहीं किया है, वह बैठक का इंतजार कर रहा है। विपक्षी मोर्चे की तीसरी बैठक मुंबई में होनी है। इससे पहले शरद पवार, दिल्ली सीटों का विवाद, ममता बैनर्जी के समर्थकों का ममता बैनर्जी को पीएम का योग्य प्रत्याशी बताना आदि ऐसी बाते विपक्षी एकता को कमजोर करने वाली बाते हैं। हो सकता है कि तीसरी बैठक में इन तमाम बातों पर कोई ठोस फैसला।

## आज का राशिफल

**मेष राशि–** आज आपका मन अध्यात्म में अधिक लगा रहेगा। कोई नया काम शुरु करने का विचार आपके मन में आयेगा । किसी दोस्त से अचानक मुलाकात आपके भविष्य लिए फायदेमंद साबित होगी। अपने चारों ओर होने वाली गतिविधियों का ध्यान रखें, क्योंकि आपके काम का श्रेय कोई दूसरा ले सकता है। लवमेट के लिए आज का दिन खुशियां लेकर आयेगा।

**वृष राशि–** आज कामकाज में सावधानी बरतने की जरूरत है। छोटे स्तर पर शुरू किया गया व्यापार आपके लिए लाभकारी रहेगा। आपने जो लक्ष्य निर्धारित कर रखें हैं, आज उनके काफी करीब पहुंच जाएंगे। विरोधी आपको नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे, लेकिन अपनी समझदारी से आप उन्हें कामयाब नहीं होने देंगे।

**मिथुन राशि–** आज का दिन खुशियां लेकर आया है। जो लोग राजनीति से जुड़े हैं, आज उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। जो लोग उच्च शिक्षा पाने की इच्छा रखते हैं, उन्हें आज किसी अच्छे कॉलेज में दाखिला मिलेगा। आज आप मानसिक रूप से स्वस्थ बने रहेंगे। आज आप अपने विरोधियों पर हावी रहेंगे।

**कर्क राशि–** आज आप ऊर्जा से भरपूर रहेंगे। आज आपको अपने वाणी पर संयम रखने की जरूरत हैं। इस राशि के जो लोग डॉक्टर हैं आज वो नई क्लीनिक की ओपनिंग करने का मन बनायेंगे, जिसमें परिवार का भरपूर सहयोग मिलेगा। आज आपके बिजनेस में बढ़ोतरी होगी । आज समाज सेवा के लिए की गई कोशिशें आपकी अलग पहचान बनाएंगी।

**सिंह राशि–** आज का दिन शानदार रहने वाला है। आज किसी सरकारी अधिकारी का सहयोग मिलने से कोई प्रसाशनिक कार्य पूरा होगा। जीवनसाथी के साथ चल रही अनबन आज समाप्त हो जाएगी। आज आपके दिमाग में नए-नए विचार आएंगे। लेखन का कार्य कर रहे लोगों की रचनाओं की लोग तारीफ करेंगे।

**कन्या राशि–** आज का दिन बहुत ही अच्छा रहने वाला हैं। साइंस और रिसर्च के फिल्ड से जुड़े लोगो को आज कोई नया प्रोजेक्ट मिलेगा । पूराने कामों का निपटारा करने के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। लोग आपकी मदद के लिए तैयार रहेंगे। बड़ों का दिया हुआ सुझाव आज आपके काम आएगा। बिजनेस संबंधी मीटिंग में आज आप सही ढंग से अपनी बात रखेंगे। जीवनसाथी से कार्यों में सहयोग मिलेगा।

**तुला राशि–** आज किस्मत आपके साथ रहेगी। आज समाज में आपकी एक अलग ही छवि निखर कर सामने आएगी। ऑफिस में जो काम आपने किया है, उसका श्रेय किसी और को न ले जाने दें। बॉस आपको किसी जरूरी काम से दूसरे शहर की यात्रा पर भेज सकते हैं।

**वृश्चिक राशि–** आज का दिन बहुत ही अच्छा रहने वाला है। महिलाएं आज रसोई घर में काम करते हुए थोडी सावधानी जरूर बरते । आज आपमें सफलता और उच्चपद पाने की इच्छा जागृत होगी, जिससे आप और अधिक मेहनत करेंगे। इस राशि के जो लोग एक्टिंग के क्षेत्र से जुड़े हैं आज उन्हें कोई बड़ा ऑफर मिलेगा।

**धनु राशि–** भविष्य की योजनायें बनाने के लिए आज का दिन बहुत अच्छा रहेगा। इस राशि के जो लोग मार्केटिंग के क्षेत्र से जुड़े हैं आज उन्हें काफी धन लाभ होने वाला है। आज जीवन में चल रही समस्याओं का समाधान निकलेगा। कार्यक्षेत्र में आज आपके सामने कुछ ऐसी परिस्थितियां सामने आयेंगी, जिससे आप थोड़ा उलझन में पड़ सकते हैं।

**मकर राशि–** आज का दिन बहुत ही बढ़िया रहने वाला है। आज किसी कार्य में पड़ोसियों का सहयोग मिलेगा। आज समाज में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। आज सफलता में आ रहीं रुकावटें दूर होंगी। आज आप नए विचारों से परिपूर्ण रहेंगे और आप जिन कार्यों को करने के लिए चुनेंगे, वे आपको उम्मीद से अधिक फायदा देंगे। परिवार के सभी सदस्यों में आपसी सौहार्द बना रहेगा।

**कुंभ राशि–** आज का दिन महत्वपूर्ण रहने वाला है। आज कोर्ट कचहरी में चल रहे मुकदमों का फैसला आपके पक्ष में आएगा। राजीनीति से जुड़े लोगों को आज किसी सामाजिक समरोह में जाने का मौका मिलेगा। आज आपको अचानक धन लाभ होने वाला है। अगर आप कोई नयी जमीन खरीदना चाह रहे हैं तो पहले उसके बारे में ठीक से जानकारी कर लें। व्यापार में आज आपको खूब तरक्की मिलेगी। आज जीवनसाथी से उपहार मिलेगा। लवमेट्स आज एक दूसरे से फोन पर देर तक बात करेंगे। नया वाहन लेने का मन बनाएंगे।

**मीन राशि–** आज का दिन मिला-जुली प्रतिक्रिया देने वाला है। आज कुछ नए मौके भी मिलेंगे, जो आपको आर्थिक लाभ कराएंगे। पहले किये गये प्रयासों का फल आज मिलने वाला है। किसी भी समस्या पर घबराने की बजाय अपनों की सलाह लें। आज आपको पूरानी बातों को भूलकर आगे बढ़ने की जरूरत है। जीवनसाथी के साथ रिश्ते में और मधुरता बढ़ेगी। आज आपकी सेहत में काफी सुधार आएगा। छात्रों को आज सफलता मिलने वाली है।

# छत्तीसगढ़ में एक-एक दाना धान खरीदने का सपना साकार होगा

**बड़ी घोषणा**

**डॉ. ओम डहरिया**



छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था और सामाजिक खुशहाली जिस बात पर सबसे ज्यादा निर्भर करती है। छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था और सामाजिक खुशहाली जिस बात पर सबसे ज्यादा निर्भर करती है वो हैं धान उत्पादक किसान। कुछ बरस पहले कमजोर समर्थन मूल्य, कर्ज की भारी मात्रा तथा प्रोत्साहन के अभाव के चलते किसान धान से हटने लगे थे। धान फसल से हटने का मतलब है खेती से ही पीछे हटना क्योंकि हमारे यहां यही परंपरागत फसल है। यही वजह है कि वर्ष 2018 में केवल 15 लाख किसानों ने समर्थन मूल्य पर अपना धान बेचा था।

जिस तरह से किसानों को धान फसल से अरुचि हो रही थी और खेती किसानी घाटे का सौदा बनता जा रहा था। इस बात की आशंका बढ़ती जा रही थी कि ज्यादातर सीमांत किसान खेती किसानी छोड़ दें और शहरों में रोजगार के लिए पलायन कर दें। जिस प्रदेश की पहचान धान के कटोरे के नाम से है उस प्रदेश के किसान के हाथों में हँसिया न हो, यह कैसी विडंबना होती।

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने शपथ लेते ही किसानों का मूड बदल दिया। उम्मीद नहीं थी कि एक दिन में ही कोई इतना बड़ा वायदा निभा देता है। करोड़ों रुपए की कर्जमाफी हुई। फिर राजीव गांधी न्याय योजना लाई गई, इससे 20 हजार करोड़ रुपए की इनपुट सब्सिडी किसानों तक पहुंची लेकिन किसानों के लिए मुख्यमंत्री के पिटारे से रह साल कुछ बेहतरीन चीज निकल ही जाती है। इस बार उन्होंने धान खरीदी की सीमा पंद्रह क्विंटल से बढ़ाकर 20 क्विंटल कर दी।

अब प्रदेश के किसानों से प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान खरीदी की घोषणा से एक-एक दाना धान खरीदने का सपना साकार होगा। इन वर्षों में जहां खेती का रकबा बढ़ा है, वहीं कृषि उत्पादन में भी बढ़ोत्तरी हुई है। चाहे बस्तर जिले का लोहण्डीगुड़ा इलाके में इस्पात संयंत्र के लिए पूर्व में 1700 से अधिक किसानों से अधिग्रहित लगभग 5 हजार एकड़ जमीन उन्हें फिर से सौंपकर उन्हें जमीन का मालिक बनाने की बात हो या फिर 3 फरवरी 2022 से 'राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना' के जरिए 4 लाख 66 हजार ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर परिवार को प्रति वर्ष 7 हजार रुपए की आर्थिक मदद हो, किसानों-कृषि मजदूरों सबका संबल मुख्यमंत्री ने बढ़ाया है।

सरकार की प्रोत्साहक नीतियों से खेती का रकबा बढ़ रहा है। किसान खेती की ओर लौट रहे हैं। धान का उत्पादन बढ़ गया है। इसका परिणाम है कि वर्तमान में राज्य में लगभग 32 लाख से अधिक हेक्टेयर में खरीफ की फसल ली जा रही है। खरीफ में सर्वाधिक धान की फसल ली जाती है। धान की फसलों की व्यवस्थित खरीदी व्यवस्था राज्य सरकार द्वारा की जाती है। इस वर्ष भी समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी एक नवम्बर से प्रारंभ होगी। राज्य सरकार द्वारा लगभग 125 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी का लक्ष्य रखा गया है।

समर्थन मूल्य में धान खरीदी और राजीव गांधी किसान न्याय योजना ने राज्य के किसानों का हौसला बढ़ाया। जो किसान खेती-किसानी छोड़ चुके थे, उन किसानों ने भी खेती-किसानी की ओर रूख किया और कठिन चुनौतियों के बावजूद पिछले वर्ष लगभग 24 लाख किसानों से 107 लाख मीट्रिक टन से अधिक रिकार्ड धान खरीदी की गई। किसानों का उत्साह और सफलता को देखते हुए मुख्यमंत्री श्री बघेल द्वारा एक नवम्बर से धान खरीदी के साथ ही किसानों से 20 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीदने के ऐलान से किसानों का उत्साह दुगुना कर दिया है।

राज्य में वर्ष 2018-19 में पंजीकृत धान का रकबा जो 25.60 लाख हेक्टेयर था, जो आज बढ़कर 32.19 लाख हेक्टेयर हो गया है। इन चार वर्षों में पंजीकृत किसानों की संख्या 16.92 लाख से बढ़कर 25.12 लाख के पार जा पहुंची है। खरीफ विपणन वर्ष 2018-19 में 80.30 लाख मीट्रिक टन, वर्ष 2019-20 में 83.94 लाख मीट्रिक टन, 2020-21 में 92.06 लाख मीट्रिक टन, वर्ष 2021-22 में 98 लाख मीट्रिक टन और वर्ष 2022-23 में रिकार्ड रिकार्ड 107.53 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई। इस वर्ष किसानों से 125 लाख मीट्रिक टन धान खरीदने का अनुमान से किसान उत्साहित है।

छत्तीसगढ़ की सरकार ने किसानों की माली हालत सुधारने के लिए वर्ष 2018 में लगभग 18 लाख 82 हजार किसानों पर चढ़ा अल्पकालीन कृषि ऋण लगभग 10 हजार करोड़ रूपए माफ किया, वहीं 244.18 करोड़ रूपए के सिंचाई कर की माफी ने भी खेती-किसानी और किसानों के दिन बहुराने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। पिछले चार सालों में विभिन्न माध्यमों से किसानों-मजदूरों और गरीबों की जेब में डेढ़ लाख करोड़ रूपए से अधिक की राशि डाली गई है। इसका परिणाम यह रहा कि कोरोना संकट काल में जहां देश में आर्थिक मंदी रही, वहीं छत्तीसगढ़ में इसका कोई प्रभाव नहीं पड़ा।

छत्तीसगढ़ में किसानों को शून्य प्रतिशत ब्याज पर खेती-किसानी के लिए सहकारी समिति से ऋण और समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के साथ-साथ राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत इनपुट सब्सिडी देने का फैसला क्रांतिकारी सिद्ध हुआ। इसके साथ ही कृषि पंपों के ऊर्जीकरण के लिए प्रति पम्प एक लाख की दी जा रही अनुदान हो, कृषकों को वित्तीय राहत प्रदाय किये जाने के उद्देश्य से कृषक जीवन ज्योति योजना के अंतर्गत कृषकों को 3 एचपी तक कृषि पम्प के बिजली बिल में 6000 यूनिट प्रति वर्ष एवं 3 से 5 एचपी के कृषि पम्प के बिजली बिल में 7500 यूनिट प्रति वर्ष छूट तथा कृषकों को फ्लेट रेट दर पर बिजली और अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के किसानों को निःशुल्क विद्युत आपूर्ति से दोहरे उत्साह के साथ खेती-किसानी की जा है। इससे उत्पादन में वृद्धि के साथ ही आय में बढोत्तरी हुई है।

किसानों को समर्थन मूल्य का उचित मूल्य दिलाने के साथ ही उन्हें इनपुट सब्सिडी के रूप में राजीव गांधी किसान न्याय योजना का लाभ भी दिया जा रहा है। इस योजना के तहत धान की फसल लेने वाले किसानों को 9000 रूपए और धान के अलावा खरीफ की अन्य फसल लेने वाले किसानों को 10,000 रूपए की इनपुट सब्सिडी और ब्याज मुफ्त ऋण की व्यवस्था से खेती-किसानी को सबंल मिला और खेती-किसानी छोड़ चुके किसान भी खेती-किसानी की ओर लौटने लगे यह राज्य और किसान दोनों के लिए सुखद संदेश है।

छत्तीसगढ़ में समावेशी विकास को प्राथमिकता में रखकर विकास का नया मॉडल अपनाया गया। जहां सभी वर्गों के विकास के लिए न्याय योजनाओं की शुरूआत की गई है। यह किसान हित में सराहनीय कदम हैं। इस मॉडल में ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर मुख्य रूप से फोकस किया गया है। राज्य में लगभग 32 लाख हेक्टेयर में धान की खेती होती है। समर्थन मूल्य में धान खरीदी के लिए राज्य में ढाई हजार से भी अधिक धान खरीदी केन्द्र बनाये गये हैं। धान खरीदी की पूरी व्यवस्था कम्प्यूटरीकृत की गई है। इस व्यवस्था के माध्यम से किसानों को धान खरीदी की राशि ऑनलाइन मिलती है। किसानों को धान बेचने में सुविधा के लिए एक मोबाईल एप 'टोकन तुंहर हाथ' भी अपनाया गया । इससे धान बेचने में किसानों को कठिनाईयों का सामना नहीं करना पड़ा यह भी किसानों को खेती-किसानी की ओर आकर्षित होने का एक प्रमुख कारण हैं।

छत्तीसगढ़ मॉडल से राज्य में कृषि एक लाभकारी व्यवसाय के रूप में बदलते जा रहा है। इस मॉडल में किसानों को इनपुट सब्सिडी के साथ सस्ते दर पर विद्युत और शून्य प्रतिशत ब्याज पर खेती-किसानी के लिए ऋण की व्यवस्था की जा रही है। इसके अलावा इस मॉडल में खेती के सहायक उद्योग-धंधे को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। मछली पालन और लाख उत्पादन को खेती का दर्जा दिया गया है। मत्स्य पालन और लाख उत्पादन करने वाले किसानों को कृषि के समान ही दी जाने वाली सुविधाएं मिल रही हैं।

क्लाइमेट चेंज की चुनौतियों पर सरकार की विशेष नजर है। किसानों की आय बढ़ाने की ओर भी ध्यान दिया जा रहा है। किसानों को सोलर ड्यूल पंप और लघु-सीमांत किसानों को सामुदायिक सौर सिंचाई परियोजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। वनांचल में रहने वाले किसानों को भी सिंचाई सुविधा का लाभ मिल रहा है। सामान्य क्षेत्र में किसानों की आय बढ़ाने के मद्देनजर सोलर ड्यूल पंप अनुदान पर दिये जा रहे हैं। गांवों में रोजगार के नये अवसर के लिए भी पहल की गई है। गौठानों में महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क (रीपा) विकसित किए जा रहे है। राज्य में प्रथम चरण में लगभग 300 नये रीपा प्रारंभ किए गए हैं।

# पहाड़ी जीने के तरीकों पर सोच बदलनी होगी

**चिंतन**

**ललित गर्ग**



पहले उत्तराखंड और अब हिमाचल प्रदेश की आपदाओं ने पहाड़ी जीवन पर अनेक सवाल खड़े कर दिये हैं, क्या पहाड़ी जीवन असंभव हो जायेगा या हमें नाजुक पहाड़ों पर सुरक्षित एवं निष्कंटक जीने के लिये नये तरीके से जीना सीखना होगा। इन पहाड़ों में भारी बारिश व भूस्खलन से जान-माल की तबाही चिंतित करने वाली है। पहाड़ों में यह पहली बार नहीं है कि इतनी तबाही हुई है। इससे पहले भी देश के पहाड़ी राज्यों में ऐसी तबाही होती रही है। इनमें न सिर्फ बड़ी संख्या में लोगों को जान गंवानी पड़ रही है, बल्कि निजी और सरकारी संपत्तियों को भी बड़ा नुकसान होता जा रहा है। ऐसे हालात में सवाल यही उठता है कि बार-बार की आपदाओं के कारण हो रही तबाही को न्यूनतम करने की दिशा में कदम उठाने के लिए हमने सबक क्या लिया?

क्या पहाड़ों पर सामान्य धरती यानी मैदानी क्षेत्रों की तरह विकास योजनाओं, सड़क, भवन निर्माण, टनल, औद्योगिक उपक्रम, पर्यटन आदि को आकार देना उचित है। भूस्खलन की बढ़ती घटनाओं के कारणों की पड़ताल जरूरी है। पहाड़ों पर हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट लगातार हो रहे भूस्खलन की एक बड़ी वजह हैं। प्रोजेक्ट के दौरान टनल बनाने के लिए विस्फोट किए जाते हैं। भारी मशीनों के इस्तेमाल से पहाड़ों पर तेज कंपन होता है। हिमाचल प्रदेश का इकोसिस्टम अभी काफी संवेदनशील है। इन राज्यों में लगातार वृक्षों को काटने एवं मौजूद पहाड़ों की उम्र भी कम होने की वजह से लैंडस्लाइड की संभावना बढ़ जाती है। इसके अलावा जलवायु परिवर्तन को भी भूस्खलन के बढ़ते मामलों की एक वजह माना जा सकता है। पिछले साल फरवरी में नासा ने एक रिपोर्ट जारी की थी। इसके मुताबिक क्लाइमेट चेंज से हिमालयी के ग्लेशियर झील वाले इलाकों में जून से सितंबर के दौरान लैंडस्लाइड बढ़ सकती है। साथ ही इससे बाढ़ की आपदा से जूझना पड़ सकता है। लेकिन ऐसे पूर्व अनुमानों से हमने क्यों नहीं सबक लिया?

हिमालय आज चिन्ताओं का हिमालय बन गया है। कुछ दशकों में खासकर हिमालयी क्षेत्र के राज्यों में विकास के नाम पर प्राकृतिक संसाधनों का अंधाधुंध दोहन हुआ है। इतना ही नहीं, प्रकृति से खिलवाड़ कर नियमों के खिलाफ ऐसा निर्माण खड़ा किया जा रहा है, जो बाढ़ और भूस्खलन के साथ बर्बादी लेकर आया है। सवाल यह भी है कि पहाड़ी राज्यों में विकास का क्या पैमाना होना चाहिए? अगर विकास के नाम पर कहीं निर्माण गतिविधियां आवश्यक हों तो वह नियोजन के साथ ही आपदाओं को झेलने में सक्षम होनी चाहिए। आम तौर पर देखा गया है कि इन राज्यों में पर्यटन को बढ़ावा देने के नाम पर ऐसी बड़ी-बड़ी इमारतें खड़ी हो गईं जो न सिर्फ बाढ़ और भूस्खलन झेलने में अक्षम साबित हुईं, बल्कि पर्यावरण के हिसाब से भी नुकसानदेह रही हैं। ऐसे निर्माण में सरकारी स्तर पर सतर्कता की जो उम्मीद की जाती है, उसे नजरअंदाज किया गया।हमने पहाड़ों को बाजारवाद के हवाले कर दिया है, वहां पर जिस तरह का आधारभूत ढांचा गत क्षेत्र से लेकर आवास क्षेत्र, होटलों आदि तक में अंधाधुंध निर्माण कार्य किया है और पहाड़ों को एक तरफ खोदा है और दूसरी तरफ उन पर क्रंक्रीट का निर्माण कार्य करके बोझ बढ़ा दिया है उससे प्रकृति द्वारा निर्मित इन मनोहर स्थानों का स्वरूप बदल रहा है। पिछले दिनों हमने बद्रीनाथ तीर्थ की यात्रा के आधार नगर जोशीमठ की हालत देखी थी कि किस प्रकार यह शहर दरकने लगा है। उससे पहले श्री केदारनाथ धाम में आयी विनाश लीला को भी देखा था। यह सब पहाड़ों पर बोझ बढ़ाने का ही नतीजा है और पहाड़ों को बेहिसाब तरीके से काटने व खोदने का ही नतीजा है। अगर कालका-शिमला राजमार्ग पर सोलन तक की दूरी में ही दस जगह भूस्खलन होता है तो हमें सोचना पड़ेगा कि गलती कहां हुई है। यदि शिमला शहर की पहाड़ियों पर ही मकान ढहने लगते हैं तो हमें सोचना पड़ेगा कि ऐसे स्थानों में भवन निर्माण के नियम क्या हैं?

शिमला की घटनाओं ने अधिक चिन्ता में डाला है। राजधानी एवं अधिक सक्रिय, जनबहुल एवं पर्यटन नगर होने की बजह से शिमला में जो दृश्य देखें गये, वे अधिक डरावने, चिन्ताजनक एवं दहशतभरे थे। शिमला के कृष्णा नगर इलाके में 15 अगस्त को लैंडस्लाइड के चलते यहां कई मकान ढह गए। अपने आस-पास दशकों से रह रहे लोगों के घर ढहते देख पड़ोसी अपनी चीखें नहीं रोक पाए, भूस्खलन के बाद समूचे देश ने मचा हाहाकार देखा है। लेकिन जब ज़मीन धंसकती है और आपकी आंखों के सामने सब-कुछ नष्ट हो जाता है, वो बेबसी सरकारी योजनाओं, विकास प्रक्रियाओं एवं असंवेदनहीन होती सोच पर सवाल खड़ा करती है। शिमला के ही समर हिल इलाक़े में बादल फटने के बाद भूस्खलन हुआ। चपेट में इलाक़े का शिव मंदिर भी आ गया, जहां सावन का सोमवार होने के चलते भीड़ कुछ अधिक थी। ज़मीन इतनी तेज़ी से धंसी कि किसी को कुछ करने का मौका नहीं मिला। मंदिर के मलबे से अभी तक कुल लगभग 25 शवों को निकाला गया है। 14 अगस्त को ही शिमला में एक और जगह फागली पर भूस्खलन हुआ। यहां पांच लोगों की मौत हो गई। सोलन ज़िले में भी 7 लोगों के मर जाने की ख़बर है।

भारी वर्षा ने जिस तरह विनाश का खेल खेला है उससे पर्वतीय क्षेत्रों के विकास के लिए की जा रही विभिन्न गतिविधियों पर सवालिया निशान लग रहे हैं और भूगर्भ शास्त्री इस बारे में चेतावनियां भी दे रहे हैं कि पहाड़ी क्षेत्रों के लिए विकास का पैमाना वह नहीं हो सकता जो मैदानी क्षेत्रों में होता है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के अनुसार अब तक के आकलन के मुताबिक प्राकृतिक आपदा से 10 हज़ार करोड़ रुपयों एवं भारी जानमाल का नुक़सान हो चुका है। ये दर्दनाक एवं त्रासद घटनाएं प्रकृति के साथ तालमेल को नजरअंदाज करने का परिणाम है। यही वजह है, दोनों पहाड़ी राज्यों के लोगों को भविष्य में अंधाधुंध विकास की दौड़ से बचने के लिए तैयार रहना होगा। प्रकृति हमें आपदाओं के साथ यही संकेत और संदेश दे रही है कि विभिन्न स्तरों पर और निरंतर बहुत कुछ करने की जरूरत है। जिम्मेदारी सरकार और वहां के लोगों की है कि वे नाजुक पहाड़ी जीवन की मर्यादा, संयम, सादगी और पवित्रता को बनाए रखें। हर कोई जीवन में सुख-समृद्धि हासिल करना चाहता है लेकिन अंधाधुंध निर्माण गतिविधियों पर नियंत्रण बनाने की जरूरत है। पहाड़ों के प्राकृतिक स्वरूप से अधिक छेड़छाड़ किए बिना संतुलित विकास हो।

पर्यावरण विशेषज्ञों एवं जानकारों के अनुसार हिमाचल प्रदेश की सड़कों को चौड़ा करने के लिए पहाड़ों को ऊपर से काटा जा रहा है। इसी वजह से भूस्खलन की घटनाएं लगातार बढ़ रही है। पहाड़ी इलाकों में इंसानी एवं पर्यटन गतिविधियां लगातार बढ़ती जा रही है। इस वजह से पहाड़ों का संतुलन लगातार बिगड़ रहा है। बारिश के मौसम में या फिर बारिश के बाद पहाड़ों की नींव कमजोर हो जाती है। इसी वजह से पहाड़ टूटकर गिरने लगते हैं। भूस्खलन की एक बड़ी वजह वनों को काटना भी हैं। दरअसल पेड़ों की जड़े मिट्टी पर मजबूती के साथ पकड़ बनाती है। इसके साथ ही पहाड़ों के पत्थरों को भी बांधकर रखती हैं। पेड़ों को काटने से यह पकड़ ढ़ीली होती है। इसी वजह से जब बारिश होती है, तो पहाड़ के बड़े-बड़े पत्थर गिरने लगते हैं। शिमला में हो रहे हादसों का भी यही कारण है।

मनुष्य का लोभ एवं संवेदनहीनता भी पहाड़ों में त्रासदी की हद तक बढ़ी है, जो वहां के वन्यजीवों, पक्षियों, प्रकृति एवं पर्यावरण के साथ पहाड़ी जीवन के असंतुलन एवं विनाश का बड़ा सबब बना है। भारत को अपने पहाड़ों की विकास नीति तैयार करनी होगी। इस काम में भूगर्भ शास्त्रियों की ही प्रमुख भूमिका हो सकती है। हिमाचल के मुख्यमन्त्री श्री सुक्खू जब यह स्वयं स्वीकार कर रहे हैं कि पहाड़ों पर पूरी तरह गैर वैज्ञानिक तरीके से अंधाधुंध निर्माण करा कर और सड़कों को चौड़ी करने के मोह में पहाड़ों को अंधाधुंध काट कर हमने इस मुसीबत को खुद दावत दी है तो पूरे देश को विचार करना चाहिए कि प्रकृति का बिना जाने-बूझे शोषण करने का क्या नतीजा हो सकता है?

## सेहत | बेहद खतरनाक होती है कुकुर खाँसी

जिन बच्चों या बड़ों की शारीरिक प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होती है, वो बीमारियों की चपेट में जल्दी आ जाते हैं। इनमें भी विशेष रूप से बच्चे। इनमें से एक है काली खांसी जो कि एक संक्रमण रोग है और श्वसन संबंधी बीमारी है। खासकर 2-3 वर्ष उम्र के बच्चों में काली खांसी अधिक देखी जाती है। काली खांसी को अंग्रेजी में पर्टुसिस और वूपिंग कफ कहा जाता है। वहीं, इसे स्थानीय भाषा में कुकुर खांसी के नाम से भी जाना जाता है। इस बीमारी में कई बार खांसते-खांसते दम फूलने लगता है। आंखें लाल हो जाती हैं। दो सप्ताह से अधिक दिनों तक खांसी रहने पर चिकत्सक से जरूर सलाह लेनी चाहिए। आज हम अपने पाठकों को कुछ ऐसे घरेलू उपायों के बारे में बताने जा रहे हैं जो बच्चों को इस बीमारी से आराम दिलाने का काम करेंगे।

**तुलसी:** काली खांसी में तुलसी का इस्तेमाल काफी फायदेमंद हो सकता है। इसमें एंटीमाइक्रोबियल गुण होते हैं, जो बैक्टीरिया से लड़ने और इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाने में मदद कर सकते हैं। इसके लिए आप 10-12 तुलसी के पत्तों को पीस लें। अब इसमें थोड़ा सा शहद मिलाकर छोटी-छोटी गोलियां बना लें। बच्चे को दिन में 3-4 गोली खाने को दें।

**मुलेठी:** मुलेठी में ग्लाइसिराइजिक एसिड होता है जो रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में मदद करता है। इसमें डीमुलसेंट घटक होते हैं जो उत्तकों का इलाज करते हैं। काली खांसी के कारण उत्तकों को काफी नुकसान पहुंचता है।मुलेठी से इलाज के लिए सबसे पहले एक कप पानी को गर्म करें और उसमें एक बड़ा चम्मच मुलेठी का पाउडर डालें। मिश्रण को पांच मिनट तक गर्म होने को रख दें। अब बर्तन को गैस से हटाएं और दस मिनट के लिए ऐसे ही रहने दें। फिर मिश्रण को छानकर पी जाएं। इस प्रक्रिया को कुछ दिनों तक पूरे दिन में दो से तीन बार दोहराएं।

**अदरक:** अदरक का उपयोग स्वाद के साथ ही सेहत के लिए भी किया जा जाता है। इससे जुड़े एक शोध में पाया गया कि अदरक ग्राम-नेगेटिव बैक्टीरिया के खिलाफ एंटीबैक्टीरियल प्रभाव प्रदर्शित कर सकता है। वहीं, काली खांसी का बैक्टीरिया भी एक ग्राम नेगेटिव बैक्टीरिया ही है, इसलिए माना जा सकता है कि अदरक काली खांसी के बैक्टीरिया से लड़ने का काम कर सकता है। इलाज के लिए अदरक का पेस्ट बना लें। पेस्ट से अदरक का रस निकालें और इसका रोजाना सेवन करें। स्वाद के लिए इसमें आधा चम्मच शहद मिला सकते हैं।

**एसेंशियल ऑयल:** एसेंशियल ऑयल का इस्तेमाल काली खांसी से राहत पाने के लिए फायदेमंद हो सकता है। पुदीना और लेमनग्रास एसेंशियल ऑयल में एंटी-बैक्टीरियल गुण होते हैं, जो संक्रमण से लड़ने में मददगार हो सकते हैं। बच्चे को काली खांसी होने पर बादाम या जैतून के तेल में पेपरमिंट एसेंशियल ऑयल डालकर पीठ और छाती की हल्की मालिश करें।

**बादाम:** बच्चों की काली खांसी खत्म करने के लिए तीन-चार बादाम रात में पानी में भिगाकर रख दें। सुबह बादाम के छिलके उतार लें। इसे एक कली लहसुन और थोड़ी सी मिश्री के साथ पीस लें। तैयार पेस्ट की छोटी-छोटी गोलियां बनाकर बच्चे को खिलाएं। इससे खांसी में आराम मिलेगा। काली खांसी के लक्षण आमतौर पर 5-10 दिनों के भीतर संक्रमित होने के बाद विकसित होते हैं। कभी-कभी काली खांसी के लक्षण 3 सप्ताह तक विकसित नहीं होते हैं।

# मूँछ की बात

**व्यंग्य**

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'**



अदालत के बाहर भैया मजनू अपनी मुँछों पर ताव दे रहे थे। अपनी मर्दानगी को इन्हीं मूँछों से नापते-तोलते थे। इसी मर्दानगी के चक्कर में अपनी साली का खून कर बैठे। खून करने का कोई पछतावा नहीं था। पत्नी को छोड़ घर के सभी लोगों ने केस को रफा-दफा करने के लिए वकील पर दबाव बनाने लगे।

वकील ने कहा ङ्क मैं औरत थोड़ी न हूँ, जो मुझ पर अपनी मर्दानगी दिखाने की कोशिश कर रहे हो। केस खुद तुम्हारी पत्नी ने ठोका है। दम हो तो उसी के सामने अपनी मूँछों पर हाथ फेरकर दिखाओ।

मजनू ने कहा ङ्क ऐ काले कोर्ट। ज्यादा चपड़-चपड़ मत कर। तुझे अच्छी तरह से पता है कि जिस दिन तू ईमानदारी के पक्ष में केस लड़ने लगेगा उस दिन तेरी दुकान बंद हो जाएगी। बीवी-बच्चे भूखे मरने लगेंगे। तेरे जैसे बड़े खुशकिस्मत हैं कि दुनिया भर में बेईमानी, पाप, अत्याचार भरा पड़ा है जिससे तुम जैसों की दुकान चलती है। खुद बेईमानी की आँच पर पकी रोटियाँ खाने जैसा नामर्दी की बात करता है और चला है मुझे मेरी मर्दानगी सिखाने।

वकील कुछ कहना चाहता था कि मजनूँ फिर से बोल उठा ङ्क मर्दानगी न हो तो पुरुष की जिंदगी बेकार है। जीने को तो मच्छर-मक्खी भी जी लेते हैं, लेकिन वह जीना भी कोई जीना होता है। पैसा फेंककर मैं पेरोल पर अंदर-बाहर होने का खेल खेलकर ऊब चुका हूँ। वह तो मेरी मर्दानगी है कि मैं इतना सब कुछ होते हुए भी टस से मस नहीं होता। मेरी पत्नी को समझा कि वह केस वापस ले ले। वरना मेरी मर्दानगी को उबाल मारने में देर नहीं लगेगी। जो हश्र साली का हुआ है वही उसके साथ भी हो सकता है।

वकील के साथ पत्नी भी खड़ी थी। यह सब सुन वह भड़क उठी - मैं तेरी धमकियों से डरने वाली नहीं हूँ। मैं औरत हूँ औरत। जो कापुरुषों को जन्म दे सकती है, वह कापुरुषों को मार भी सकती है। मेरी बहन की हत्या करने को मर्दानगी समझते हो तो मैं थूकती तुम्हारी ऐसी मर्दानगी पर। शम्मा-परवानों के बखानो में आने वाली स्त्री डरावनी बनने में देर नहीं लगाती। उसे अबला समझने की भूल करना आ-बला जैसी होगी। औरत का औरतपन मर्दानगी पर भी भारी पड़ता है।

मजनू कुछ कहना चाहता था कि पत्नी ने चप्पल लेकर उसके गाल पर ऐसा मारा कि उसकी मूँछों पर भी निशाना पड़ गया। थोड़ी देर पहले वह जिन मूँछों पर ताव दे रहा था वही मूछें उसमें घृणा पैदा कर रही थीं।

एक नजर

## शगुन डनसेना ने किया महिला आरक्षक का सम्मान



**खरसिया,18 अगस्त।** नई उड़ान फाउंडेशन की फाउंडर उषा शर्मा के निर्देशन में स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में छत्तीसगढ़ के सभी जगहों पर महिला पुलिसकर्मीयो का सम्मान करने का निर्देश दिया था। जिसके तहत नई उड़ान की सदस्य शगुन डनसेना (शगुन ब्यूटी पार्लर खरसिया) ने थाना खरसिया में जा कर महिला आरक्षक सरोजनी राठौर का तिरंगा पगड़ी पहना कर और तिरंगे का निशान लगा कर श्रीफल देकर सम्मान किया। उक्त अवसर पर उनकी टीम के सदस्य रामकुमारी, स्वाति, योगिनी, मुकेश एवं राहुल डनसेना भी साथ रहे। पुलिस वालों की खुशी देखते ही बनी वो भी इस सम्मान को पाकर खुश हो गए।

## छत्तीसगढ़ में हिंदुत्व विरोधी गतिविधियों को संरक्षण दिया जा रहा: सुधा

**महासमुंद।** भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सुधा साहू ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने राज्य के विकास पर जरा भी ध्यान नहीं दिया है। यहां केवल तुष्टिकरण की राजनीति चल रही है। जनता की उम्मीदों पर कांग्रेस कहीं पर भी खरी नहीं उतर रही है। कांग्रेस केवल औपचारिकता के रूप में भरोसे के नाम पर जनता से वाहवाही लूटने का काम कर रही है, पर प्रदेश की जनता का कांग्रेस की सरकार से भरोसा उठ चुका है।छत्तीसगढ़ में पिछड़ा वर्ग समाज की जनसंख्या 51 प्रतिशत है, वहीं, आदिवासी समाज 32 प्रतिशत है, इन समाजों पर लगातार हमले हो रहे हैं। सरकार प्रशासनिक तंत्र पर लगाम नहीं कस पा रही है। अपराध का ग्राफ लगातार बढ़ रहा है। बिलासपुर में साहू समाज के युवक की हत्या, बिरनपुर में एक विशेष समुदाय द्वारा सरेआम एक नवयुवक की हत्या, बस्तर क्षेत्र में लगातार आदिवासी समाज पर हमला, नारायणपुर में मिशनरियों द्वारा आदिवासियों पर अत्याचार हो या कांकेर में हिंदुवादी संगठन के युवक पर जानलेवा हमले हो। इन घटनाओं से प्रतीत हो रहा है कि कांग्रेस सरकार की संरक्षण में एक विशेष वर्ग द्वारा हिंदुत्व विरोधी गतिविधियों का संचालन छत्तीसगढ़ में किया जा रहा है। बाहरी लोगों को छत्तीसगढ़ में बसाकर भोलेभाले छत्तीसगढ़ियों पर लगातार हमले हो रहे हैं। बिहड़ क्षेत्रों में तो इनकी स्थिति चिंता जनक है। इन क्षेत्रों में मिशनरियों का मकड़जाल इस कदर फैल चुका है, इनके चंगुल से निकल पाना असंभव है। छत्तीसगढ़ सहित कांग्रेस शासित राज्यों में हिंदुत्व विरोधी गतिविधियों को कांग्रेस द्वारा संरक्षण दिया जा रहा है। कांग्रेस का कार्यकाल पूर्णता की ओर है, इस अवधि में इस सरकार ने केवल अनैतिक कार्यों में लिप्त लोगों को संरक्षण देने का कार्य किया है। जिस प्रकार प्रदेश में जो हालात बनते जा रहे हैं, उस पर मुख्यमंत्री को जवाब देना चाहिए।

## सशिमं में स्वतंत्रता दिवस पर किया गया ध्वजारोहण

**महासमुंद।** स्थानीय भलेसर मार्ग पर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर उमावि में स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजारोहण किया गया। मुख्य अतिथि आदर्श शिक्षा मंडल समिति के सदस्य महेश चंद्राकर, अध्यक्षता आदर्श शिक्षा मंडल समिति के अध्यक्ष घनश्याम सोनी, प्राचार्य राजश्री ठाकुर, प्रधानाचार्य कृष्णा चंद्राकर रहे। अतिथियों द्वारा ध्वजारोहण किया गया। पश्चात भारत माता की आरती की गई, राष्ट्रगान गाया गया एवं भारत माता की जय, स्वतंत्रता दिवस अमर रहे के नारे लगाए गए। छात्र-छात्राओं द्वारा अनेक देशभक्ति गीत, नृत्य, कविता भाषण, एवं बेटी पढ़ाव बेटी बचाव पर नाटक प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चाप हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी की परीक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं का सम्मान भी किया गया। इसमें सत्र 2022-23 में कक्षा 10वीं में प्रथम डिगेन्द्र साहू, द्वितीय देवेश तिवारी, तृतीय जागृति देवांगन व् चंद्रदेव साहू इसी प्रकार कक्षा 12वीं में प्रथम मनीषा साहू द्वितीय शिवांगी साहू, तृतीय तृप्ति साहू को मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को अतिथियों ने संबोधित किया। अंत में विद्यालय के प्राचार्य राजश्री ठाकुर ने आभार प्रदर्शन किया। संचालन विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य मनोज साहू ने किया। कार्यक्रम के अंत में मिष्ठान वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

## जिला परेड में कालेज के रासेयो को मिला द्वितीय स्थान

महासमुंद। शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ अनुसुइया अग्रवाल के निर्देशानुसार और राष्ट्रीय सेवा योजना की जिला संगठक डॉ मालती तिवारी के मार्गदर्शन में एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी अजय कुमार राजा एवं राजेश्वरी सोनी के नेतृत्व में स्वयंसेवकों द्वारा स्थानीय मिनी स्टेडियम में जिला परेड 2023 में सक्रिय सहभागिता निभाते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया।महासमुंद जिले में 15 अगस्त 2023 स्वतंत्रता दिवस जिला मुख्यालय के मिनी स्टेडियम में मनाया गया। समारोह के मुख्य अतिथि संसदीय सचिव एवं महासमुंद विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। कलेक्टर प्रभात मलिक और पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह मंच पर मौजूद थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि चंद्राकर ने परेड में उत्कृष्ट मार्च पास्ट करने वाले टुकड़ियों को सम्मानित किया। परेड गैर सशस्त्र बल समूह में प्रथम स्थान पर सीनियर डिवीजन एनसीसी, द्वितीय स्थान एनएसएस शासकीय महाप्रभु महाविद्यालय रहा। एनएसएस को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना दल नायक रोशनी राजपूत के साथ स्वयंसेवक दीपा बाघ, मनोज देवांगन, उर्मिला साहू, साहू, अनुविभागीय अधिकारी उमेश तथा नागरिक समेत अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

स्कूल मरम्मत कार्य में गुणवत्ता का रखें विशेष ध्यान, गोठान पहुंचे कलेक्टर और गतिविधियों की ली जानकारी

# बारिश में संकरी मेड़ पर चलकर खेतों में पहुंचे कलेक्टर और खेती-किसानी का जाना हाल

**रायगढ़, 18 अगस्त।** कलेक्टर श्री तारन प्रकाश सिन्हा अपने विकासखंड खरसिया के दौरे के दौरान ग्राम-फरकानारा पहुंचते ही गाड़ी से उतरकर बारिश में भीगते मेढ़ के सहारे खेत में कार्य कर रहे किसानों और महिलाओं तक पहुंचे। यहां उन्होंने छत्तीसगढ़ी बोली में खेती-किसानी पर लंबी चर्चा की। कलेक्टर श्री सिन्हा ने बात करते हुए पूछा का करत हो सियानिन, कतेक खेती-किसानी हे पूछने पर, लच्छनमती ने बताया की निदई करत हन, नई जानों एकड़ में फेर बने धान हो जाथे। कलेक्टर श्री सिन्हा ने पूछा कि आगु साल कतेक धान बेचे रेहे, उन्होंने बताया कि पंजीयन नई रिहीस, ये साल पंजीयन करवाहु ता बेचहु। कलेक्टर श्री सिन्हा कहिस धान के नुकसान होही ता घलो सरकार मुआवजा देही, चिंता झन कर। इस दौरान खेत में मौजूद कृषक गोपाल सिंह से भी चर्चा की। उन्होंने राजस्व आधिकारियों को निर्देशित किया कि फसल नुकसान की स्थिति में प्रकरण भी बनाया जाए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री सिन्हा मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के तहत किए जा रहे स्कूल मरम्मत के कार्यो के तहत जोबी स्थित कन्या स्कूल का निरीक्षण किया। ठेकेदार ने बताया कि छत का कार्य किया जा चुका है, एक दो दिन में टाइल्स का कार्य प्रारंभ किया जाएगा। कलेक्टर श्री सिन्हा ने कार्यो में तेजी लाने के साथ ही पेंटिग, सीढ़ी, ग्रील एवं



शौचालय के कार्यो को अतिशीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार कलेक्टर श्री सिन्हा गोरपार स्थित स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम स्कूल पहुंचे। वहां उन्होंने ठेकेदार को निर्देशित किया कि स्कूल में सीपेज की समस्या नहीं आनी चाहिए। इस दौरान उन्होंने स्कूल में शिक्षकों की जानकारी ली। प्राचार्य ने बताया कि स्कूल में पर्याप्त शिक्षक हैं। मौके पर स्कूली बच्चों द्वारा पेयजल, टायलेट समस्या की जानकारी देने पर कलेक्टर श्री सिन्हा ने ठेकेदार को पेयजल व्यवस्था एवं टायलेट निर्माण कार्य अतिशीघ्र करने के निर्देश दिए, ताकि स्कूली बच्चों को किसी प्रकार की समस्या न हो। इसी क्रम में कलेक्टर श्री सिन्हा शासकीय अनुसूचित जनजाति कन्या आश्रम खम्हार पहुंचे। उन्होंने कक्षाओं का निरीक्षण कर बच्चों से चर्चा की। कलेक्टर श्री सिन्हा ने कमरों को हवादार एवं खिड़कियों में नेट लगाने के निर्देश आश्रम अधीक्षिका को दिए। उन्होने बच्चों से पढ़ाई की जानकारी ली एवं शिक्षकों को बेहतर पढ़ाने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिन्हा भ्रमण के दौरान उप स्वास्थ्य केन्द्र फरकानारा पहुंचे। वहां उन्होंने स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। स्वास्थ्य विभाग के स्टॉफ द्वारा बताया गया कि यहां चौबीसों घंटे स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैय्या करायी जा रही है।

### गोठान पहुंचे कलेक्टर, समूह की महिलाओं से की चर्चा



कलेक्टर श्री सिन्हा आदर्श गोठान जोबी पहुंचे। यहां उन्होंने महिलाओं से गोठान में संचालित गतिविधियों की जानकारी ली। महिलाओं द्वारा बताया कि गोठान में गोबर, मुर्गी पालन, हल्दी, मूंगफल्ली एवं मशरूम की गतिविधि संचालित हो रही हैं। कलेक्टर श्री सिन्हा द्वारा गोठान में संचालित गतिविधियों से होने वाले आय के संबंध में पूछे जाने पर समूह की महिलाओं ने बताया कि लगभग 5 लाख का गोबर खाद विक्रय किया जा चुका हैं। इसी प्रकार चरवाहों ने बताया कि उन्होंने गोबर बेच कर लगभग 15-15 हजार रूपए प्राप्त कर चुके हैं। कलेक्टर श्री सिन्हा ने सभी गतिविधियों को नियमित रूप से संचालित करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने रेशम धागाकरण गतिविधि को पुनः प्रारंभ करने एवं गोठान से लगे तालाब में मछली पालन की कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री सिन्हा ने ग्राम पंचायत गुरदा में बने अमृत सरोवर का निरीक्षण किया। सरपंच श्री बिसम्बर सिंह राठिया ने बताया कि अमृत सरोवर बनाने से तालाब बेहतर हो चुका हैंए इसके किनारे में वृक्षारोपण किया जा रहा हैं। इस दौरान कलेक्टर श्री सिन्हा ने सरपंच से जल जीवन मिशन की जानकारी ली। सरपंच श्री राठिया ने बताया कि गांव में लगभग 250 घरों में नल कनेक्शन दिया गया है एवं नियमित रूप से पानी आ रहा हैं। दौरे के दौरान कलेक्टर श्री सिन्हा रामझरना पहुंचे, वहां उन्होंने आवश्यक मरम्मत एवं देखभाल के लिए गार्ड रखने के लिए निर्देशित किया ताकि रख-रखाव बेहतर हो सके।

# सामाजिक तलाक कदापि वैधानिक नहीं हो सकता:किरणमयी नायक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गरियाबंद, 18 अगस्त।** राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक ने विभिन्न प्रकरणों मे सुनवाई के बिच कहा सामाजिक तलाक कदापि वैधानिक नहीं हो सकता साथ ही उन्होंने शासकीय कर्मचारियों को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि जिनकी दो पत्नियां पाई जाएगी उनके विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी, नौकरी भी जा सकती है, जिला स्तर मे 5वीं सुनवाई थी। आज जनसुनवाई में 18 प्रकरण रखे गये थे। इस अवसर पर राज्य महिला आयोग की सदस्य डॉ. अनिता रावटे, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती स्मृति ठाकुर, भी उपस्थित थी सुनवाई के दौरान एक प्रकरण फैसला देते हुए कहा गया में आवेदिका ने अनावेदक के साथ आर्य समाज रायपुर मे विवाह हुआ और अनावेदक सहायक ग्रेड 2 के पद पर कलेक्टर कार्यालय के तहसील आफिस रायगढ़ में पदस्थ है। उसकी पहली पत्नि से तलाक नही हुआ है और उसके दो बच्चे है। सरकारी नौकरी में रहते हुए आर्य समाज में झूठा हलफनामा दे कर स्वयं को अविवाहित बताकर विवाह किया। यह विवाह अवैध व शून्य है। आवेदिका ने अपने आवेदन में लिखा है कि 14 माह तक शारीरिक शोषण किया है। अनावेदक के खिलाफ सिविल सर्विस के तहत विभागीय कार्यवाही किये जाने की अनुशंसा किया जाना आवश्यक है। एक अन्य प्रकरण में आवेदिका का विवाह 3 वर्ष पूर्व हुआ था और उसका डेढ़ साल का बच्चा है। आवेदिका पर चोरी का झूठा आरोप लगाकर सामाजिक बैठक में पति पत्नि को अलग कर आवेदिका से तलाक लिये बगैर दूसरी महिला से विवाह कर लिया गया और आवेदिका के डेढ़ वर्ष के बच्चे का भी रख लिया गया है।

### महिला आयोग की अध्यक्ष ने बेबी केयर सेंटर का किया निरीक्षण

**गरियाबंद, 18 अगस्त।** कलेक्टर आकाश छिकारा के विशेष पहल से जिला प्रशासन द्वारा संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में बेबी केयर सेंटर का संचालन किया जा रहा है। इस सेंटर के शुरू होने से कलेक्टोरेट कार्यालय आने वाली एवं कार्यालय में कार्यरत शिशुवती महिलाओं को अपने छोटे बच्चों के देखभाल के लिए सहुलियत हो रही है। महिलाओं से संबंधित प्रकरणों की सुनवाई के सिलसिले में गरियाबंद प्रवास पर रही छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ किरणमयी नायक ने आज बेबी केयर सेंटर का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान डॉ नायक ने जिला प्रशासन द्वारा छोटे बच्चों के देखभाल के लिए की गई उत्तम व्यवस्था पर जिला प्रशासन की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि कलेक्ट्रेट में कार्यरत शिशुवती महिलाओं और बाहर से आने वाली महिलाओं की सुविधा के लिए बेबी केयर सेंटर में बच्चों के बेहतर देखभाल के लिए सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई है



### कलेक्टर ने गांवों में पहुंच आयुष्मान कार्ड पंजीयन के कार्यों का किया निरीक्षण

**गरियाबंद।** कलेक्टर आकाश छिकारा के मार्गदर्शन में आयुष्मान कार्ड पंजीयन से छूटे हुए लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए जिले में प्रत्येक गुरुवार को विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में आज भी आयुष्मान कार्ड पंजीयन महाअभियान का आयोजन किया गया। महाअभियान के तहत आज शाम 7 बजे तक एक ही दिन में 17 हजार से अधिक लोगों का आयुष्मान कार्ड पंजीयन किया गया। जिले में आयुष्मान कार्ड पंजीयन के लिए मिले कुल लक्ष्य का 80 प्रतिशत लक्ष्य अभी तक प्राप्त किया जा चुका है। जिले में 5 लाख 17 हजार से अधिक लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाया जा चुका है। कलेक्टर श्री छिकारा ने आयुष्मान कार्ड महाअभियान के तहत लगाए गए विशेष शिविरों का आज निरीक्षण किया। उन्होंने ग्राम दर्रीपारा, कोसमी द, आमदी द और कोड़ोहरदी में जाकर आयुष्मान कार्ड पंजीयन के कार्यों का जायजा लिया। साथ ही पंजीयनकर्ताओं को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने आयुष्मान पंजीयन से छूटे हुए लोगों के शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश अधिकारी कर्मचारियों को दिए।

इस महाअभियान के तहत नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में शिविर का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत स्वास्थ्य केन्द्र, ग्राम पंचायत, च्वाईस सेंटर एवं सामुदायिक भवनों में भी शिविर लगाये गये। साथ ही विभागीय अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी भी लगाई गई थी।

कलेक्टर श्री आकाश छिकारा ने अधिकारियों को शिविर स्थलों का निरंतर निरीक्षण कर प्रगति की जानकारी लेने के निर्देश दिये थे। लोगों के आयुष्मान कार्ड बनने से लोगों को निःशुल्क ईलाज में मदद मिलेगी।

चेक सौंपा



### दरस राम भुंजिया के उपचार के लिए सहायता राशि का चेक सौंपा

**गरियाबंद।** विशेष पिछड़ी जनजाति के लोगों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से विभिन्न प्रकार के योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। छुरा विकासखण्ड के ग्राम बीजापानी के श्री दरस राम भुंजिया के कैंसर पीड़ित होने की जानकारी मिलने पर प्रशासन की टीम ने उनके घर जाकर उनकी पत्नी श्रीमती केसरी बाई को भुंजिया विकास अभिकरण के तहत उनके चिकित्सा के लिए 35 हजार 371 रूपये का

# निर्वाचन के दौरान विभिन्न गतिविधियों के लिए नोडल अधिकारी एवं सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त

**गरियाबंद, 18 अगस्त।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा ने आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए निर्वाचन कार्य के सफल एवं सुचारू संपादन के लिए जिला स्तर पर निर्वाचन के दौरान विभिन्न गतिविधियों के लिए जिले में पदस्थ अधिकारियों को नोडल अधिकारी एवं सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। जिसके अनुसार मतदान दलों के गठन, मतदान दलों की रवानगी एवं सकुशल वापसी के लिए जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती रीता यादव को नोडल अधिकारी एवं सहायक परियोजना अधिकारी श्री सत्यनारायण वर्मा, सहायक कार्यक्रम समन्वयक श्री महेश राम पटेल एवं सहायक परियोजना अधिकारी श्री बोधेश्वर साहू को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है।इसी तरह स्वीप के अंतर्गत मतदाता जागरूकता क्रियान्वयन के लिए जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती रीता यादव को नोडल अधिकारी एवं उप संचालक पंचायत श्रीमती पदमनी हरदेल, जिला ऑडिटर श्री के.आर. नागेश व सहायक परियोजना श्री जितेश गजभिये को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है। इसी प्रकार कानून व्यवस्था, सुरक्षा, अतिसंवेदनशीलता मतदान केन्द्र चित्रण एवं आदर्श आचार संहिता/संपत्ति विरूपण के लिए अपर कलेक्टर श्री अविनाश भोई को नोडल अधिकारी तथा अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) राजिम श्री धनन्जय नेताम, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) गरियाबंद श्री भूपेन्द्र साहू, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) देवभोग सुश्री अर्पिता पाठक व अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) मैनपुर श्री हितेश पिस्दा को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है।मतदान हेतु उपयोग में लगने वाले फार्म/लिफाफे व अन्य आवश्यक सामग्री के लिए संयुक्त कलेक्टर श्री नवीन भगत को नोडल अधिकारी तथा सहा.सांख्यिकी अधिकारी श्री टी.एस. कंवर, मंडल संयोजक, आदिम जाति विकास विभाग श्री प्रदीप पटेल को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है।शिकायत सेल एवं मतदाता सहायता केन्द्र के लिए संयुक्त कलेक्टर श्री नवीन भगत को नोडल अधिकारी तथा सहायक संचालक श्री भपेन्द्र तिवारी व मंडल संयोजक, आदिम जाति विकास विभाग श्री सतीश चन्द्रवंशी को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है। कम्युनिकेशन प्लान एवं सेक्टर / रूट चार्ट तथा मतदाता सूची संबंधी सम्पूर्ण कार्य के लिए डिप्टी कलेक्टर श्री टी.आर.देवांगन को नोडल अधिकारी एवंसहा. अधीक्षक भू-अभिलेख शाखा सुश्री ख्याति कंवर व श्री भागवत चन्द्रवंशी को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। निर्वाचन संबंधी प्रशिक्षण के लिए जिला पंचायत की मुख्यकार्यपालन अधिकारी श्रीमती रीता यादव को नोडल अधिकारी एवं जिला शिक्षा अधिकारी, प्रभारी खेल अधिकारी श्री श्याम चन्द्राकर, प्राचार्य श्री बंटी रॉय को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है। निर्वाचन कार्य हेतु परिवहन व्यवस्था, पीओएल की व्यवस्था के लिए जिला परिवहन अधिकारी श्री मृत्युजंय पटेल एवं सहायक लेखा अधिकारी श्री केदार मरकाम को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है। निर्वाचन आईटी सायबर सुरक्षा मतदान दल एवं मतदान ईव्हीएम माईक्रो आब्जर्वर का रेण्डमाईजेशन तथा समस्त आईटी एप्लीकेशन का संचालन के लिए एनआईसी के उप निदेशक श्री नेहरू निराला को नोडल अधिकारी बनाया गया है तथा ईडीएम श्री मिथिलेश देवागंन, सहायक प्रोग्रामर श्री अंकित वर्मा, श्री विक्रांत सोनी, श्री नदीम अहमद को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। ईव्हीएम एवं वीवीपीएटी के सुरक्षा व प्रबंधन के लिए लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता श्री अनुज शर्मा को नोडल अधिकारी तथा अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण श्री टी.एन दीवान, उप अभियंता श्री संतोष साहू एवं श्री नरेश कुमार चनापे को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है। निर्वाचन आय अनुवीक्षण कार्य के लिए जिला कोषालय अधिकारी को नोडल अधिकारी साथ ही संभागीय लेखाधिकारी लोक निर्माण श्री मुनिद कुमार को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है।

समाचार संक्षेप

## थाना भोपालपटनम् क्षेत्रान्तर्गत बारेगुड़ा के जंगलों में माओवादी कैम्प ध्वस्त



**बीजापुर, १८ अगस्त। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले में चलाये जा रहे माओवादी विरोधी अभियान के तहत् दिनांक 16/08/2023 को थाना भोपालपटनम् क्षेत्रान्तर्गत दम्मूर, बारेगुड़ा के जंगलों में नेशनल पार्क एरिया कमेटी के 20-25 सक्रिय माओवादियों की उपस्थिति की सूचना पर थाना भोपालपटनम् से डीआरजी एवं महाराष्ट्र गढ़चिरोली, पातागुड़ेम से ष्ट-60 की संयुक्त टीम दम्मूर, बारेगुड़ा की ओर निकली थी । दिनांक 16/08/2023 के सायं 05.30 बजे बारेगुड़ा के जंगलो में पूर्व से घात लगाये माओवादियों के द्वारा पुलिस पार्टी पर स्वचलित हथियार से अंधाधुध फायरिंग शुरू कर दिये, पुलिस पार्टी द्वारा माओवादियों को आत्मसमर्पण हेतु जोर-जोर से आवाज दी गई लेकिन माओवादियों द्वारा अनसुना करते हुए लगातार फायरिंग जारी रखे । पुलिस पार्टी द्वारा सुरक्षित आड़ लेकर आत्मसुरक्षार्थ जवाबी कार्यवाही की गई । 20-30 मिनट उपरान्त पुलिस पार्टी को भारी पड़ता देख माओवादी जंगल का आड़ लेकर भाग खड़े हुए । घटनास्थल की सर्चिंग के दौरान मौके से विस्फोटक, डेटोनेटर, जिलेटिन स्टीक, माओवादी साहित्य, पिटठू बैग, टेंट लगाने का सामान एवं अन्य दैनिक उपयोग की सामग्री बरामद की गई ।

## रिपुबल ने जरूरतमंद ग्रामीण गर्भवती महिला को किया रक्तदान





**बीजापुर, १८ अगस्त। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** 17 अगस्त 23 को 85 वाहिनी के रि पु बल नया पारा बीजापुर के कमांडेंट श्री जे वी तुसिंग को जिला अस्पताल बीजापुर द्वारा जरूरत मंद गर्भवती ग्रामीण महिला राम बाई मांडवी पति राजू मांडवी ग्राम- चिन्नाकवाली बीजापुर को क्ष+1द्द रक्त हेतु, सूचना मिलने पर तत्काल प्रभाव से क्ष+1द्द रक्त से मेल खाने वाले जवान विजय कुमार को जिला अस्पताल बीजापुर में भेज कर रक्त दिया गया । 85 वीं वाहिनी केरिपुबल के जवान ने मानवता व सामाजिक दायित्व के प्रति अपना अमूल्य योगदान दिया । वाहिनी की इस अनूठी पहल से समाज के प्रति वाहिनी की निष्ठा एवं तत्परता को दोहराया।

## गुणवत्ता को दरकिनार कर सड़क निर्माण करने वाले ठेकेदार को नोटिस जारी, भुगतान रोका गया

**बीजापुर, १८ अगस्त। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अन्तर्गत सड़क निर्माण कार्य गुणवत्ता को दरकिनार कर बिना अनुमति के निर्माण कार्य संपादित करने वाले ठेकेदार का भुगतान रोका गया ।कार्यपालन अभियंता प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना श्री सुरेश नागेश ने बताया कि मोदकपल्ली से पावरेल सड़क निर्माण कार्य मे घोर लापरवाही बरतने बिना अनुमति निर्माण कार्य करने सहित खराब डामर का उपयोग करना पाया गया ।उक्त निर्माण कार्य संतोषजनक नहीं होने के ठेकेदार का भुगतान रोकते हुए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।



## गोबर बेच खरीदा ऑटो, अब कमा रहे 800 रुपए रोज

**बीजापुर, 18 अगस्त। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वाकांक्षी योजना गोधन न्याय योजना ग्रामीण गरीब परिवारों के संजीवनी बूटी की तरह कार्य कर रही है और ग्रामीणों को धनवान बना रही है इसका ताजा उदाहरण देखने को मिला है जिसमें ग्राम पंचायत पुसनार के रहने वाले इंदरचंद यादव और मनकू यादव की कहानी जिसने भी सुनी वो शासन को इस योजना और इंदर और मनकू के मेहनत की तारीफ कर रहा है। इंदर और मनकू ने योजनान्तर्गत गोबर बेच उस राशि की मदद से तिपहिया वाहन ऑटो खरीदा है और उस आटो की मदद से अब प्रतिदिन 8 से 9 सौ रुपए की कमाई कर रहे हैं ।इंदर ने गोधन न्याय योजना अंतर्गत एक वर्ष में 51 हजार का गोबर विक्रय किया है तो वहीं मनकू ने 48 हजार की राशि प्राप्त की है। इंदर ने कुछ राशि मिलाकर ऑटो खरीदी तो मनकू ने 80 हजार की लागत से सेकंड हैंड आटो ले आए। दोनो ने बताया कि भैरमगढ़ में सामान ढुलाई और सवारी लाने ले जाने से प्रतिदिन 8 से 9 सौ रुपए की कमाई कर रहे हैं ।जनपद पंचायत सीईओ श्री राजेंद्र कुमार बलेंद्र ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन की गोधन न्याय योजना ग्रामीण मेहनतकस हितग्राहियों के लिए आगे बढ़ने में मदद कर रही है। जिले में। कलेक्टर श्री राजेंद्र कटारा के मार्गदर्शन में वंचित एवं जरूरतमंद परिवारों तक शासन की योजनाओं को पहुंचाए जा रहे हैं।



## नहीं रहे वरिष्ठ पत्रकार पंकज दाऊद, इलाज के दौरान ली अंतिम सांस



**बीजापुर।** बस्तर के जाने- माने वरिष्ठ पत्रकार पंकज दाऊद का गुरुवार को इलाज के दौरान निधन हो गया। वे एक साल से अस्वस्थ चल रहे थे उनका इलाज जगदलपुर के महारानी अस्पताल में चल रहा था। वे 58 वर्ष के थे वे मूलतः जगदलपुर के रहने वाले थे और वर्तमान में बीजापुर जिले में पिछले 8 सालों से पत्रकारिता के क्षेत्र में अपनी सेवाएं दे रहे थे पंकज दाऊद का निधन पत्रकारिता जगत के लिए बड़ी क्षति वरिष्ठ पत्रकार पंकज दाऊद के देहांत की खबर से बस्तर के पत्रकारिता जगत में शोक की लहर है ।बड़े बड़े अखबारों में दी अपनी सेवाएं, उनकी शालीनता के कायल थे लोग-- पंकज दाऊद पिछले 40 सालों से पत्रकारिता क्षेत्र में सक्रिय थे। उन्होंने दैनिक भास्कर, नवभारत, नईदुनिया और पत्रिका जैसे बड़े बड़े अखबारों में उन्होंने अपनी सेवाएं दी। लोग उनके समाचार लेखन के दीवाने थे। वे ज्ञान के अथाह सागर थे और वे अपने छोटो बड़ो से भी बड़ी ही शालीनता से पेश आते थे ।इसलिए उन्हें लोग बहुत आदर देते थे। उनके देहांत की खबर के बाद पत्रकार जगत के साथ साथ अन्य लोगों ने भी उनके निधन की खबर पर शोक प्रकट किया है।

## एक नजर

### 34 पाव अवैध देशी मसाला शराब के साथ आरोपी को पुलिस ने पकड़ा




**बलौदाबाजार, 18 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले में अवैध शराब बिक्री करने वालो के विरूद्ध कार्यवाही एवं त्वरित रोकथाम हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक झा, एसडीओपी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार तिवारी के नेतृत्व में थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार के अपराध क्र 615/2023, धारा 34(2) आबकारी एक्ट के आरोपी के विरुद्ध कार्यवाही किया गया। मामला इस प्रकार है कि 17 अगस्त को मुखबीर की सूचना पर आरोपी फकीर मोहम्मद कुरैशी पिता नूर मोहम्मद कुरैशी उम्र 36 वर्ष साकिन ग्राम रवान थाना सिटी कोतवाली जिला बलौदाबाजार शराब लेकर जा रहा था जिसे घेराबंदी कर पकडे जिन्के कब्जे से 34 पाव देशी मदिरा मशाला शराब किमती 3740 रूपये को जप्त कर आरोपी के विरूद्ध अपराध धारा 34(2) आबकारी एक्ट का पाये जाने से आरोपी को गिरफ्तार कर आब. एक्ट के तहत कार्यवाही किया जाकर आरोपी को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। उपरोक्त कार्यवाही में प्र आर संतराम बंजारे एवं आर. बलराम निराला, प्रवीण यादव का विशेष योगदान रहा।

### चिरायु योजना से हो रहा कटे-फटे होठों का इलाज, लौट रही मासूमों की मुस्कान

**बलौदाबाजार, 18 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला बलौदाबाजार भाटापारा में एक बार पुनः राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत चल रहे चिरायु कार्यक्रम के माध्यम से 5 माह के बच्चे के कटे होठों का इलाज कर उसे नया जीवन प्रदान किया है। इस बारे में जानकारी देते हुए भाटापारा के खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ राजेन्द्र माहेश्वरी ने बताया की ग्राम राजपुर के 5 माह के बच्चे अयांश के होंठ जन्म से ही कटे हुए थे।रोजी-मजदूरी करने वाले उसके पिता हेतु किसी निजी अस्पताल में बच्चे का उपचार कराना काफी मुश्किल था। ऐसी स्थिति में भाटापारा विकासखंड के चिरायु टीम द्वारा सहयोग प्रदान करते हुए इस कार्यक्रम के माध्यम से रायपुर के बड़े निजी चिकित्सालय में पूरी तरह से निशुल्क ऑपरेशन करवाकर बच्चे को सामान्य जीवन प्रदान किया गया। मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एम पी महिस्वर के अनुसार चिरायु के माध्यम से आंगनवाड़ी केंद्रों एवं स्कूलों में बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाता है। परीक्षण में किसी प्रकार की स्वास्थ्य समस्या सामने आने पर उसके उपचार में निःशुल्क मदद करते हुए उपचार की आवश्यक व्यवस्था करवाई जाती है। उक्त चिरायु दल में सम्मिलित रहे -डॉ शारा राम, डॉ सेवक राम साहू, बिंदु चौहान, वंदना वर्मा और अंजू साहू का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### अनिता शर्मा ने स्वतंत्रता दिवस पर अनेक कार्यक्रमों में हुई शामिल



**बलौदाबाजार, 18 अगस्त (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** आजादी की 76वीं वर्षगांठ के अवसर पर धरसींवा विधानसभा अंतर्गत स्कूलों गृह ग्राम टेकरी के शहीद योगेंद्र शर्मा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय और संदीपनी विद्यालय पहुंचकर ध्वजारोहण किया और वरिष्ठ बुजुर्गों, शिक्षकों और बच्चों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित की। साथ स्कूल में बच्चों को पुरस्कार प्रदान किया।

# नौनिहालों के संग जमीन पर बैठे कलेक्टर, बताया रंग और आकृति पहचानना

**» आंगनबाड़ी केन्द्र व स्कूल का किया निरीक्षण » शिक्षक बन स्कूली बच्चों को पढ़ाया विज्ञान और गणित » विद्यार्थियों में पठन कौशल विकास के लिए निरंतर मॉनिटरिंग के दिए निर्देश**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 18 अगस्त।** कलेक्टर चंदन कुमार गुरुवार को आंगनबाड़ी व स्कूलों का निरीक्षण करने पलारी एवं बनौरी पहुंचे। उन्होंने बनौरी के आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण करते हुए उपस्थित बच्चों के संग जमीन पर बैठ कर दीवार में बने हुए ज्यामितीय आकृतियों को पहचानना एवं विभिन्न रंगों के नाम बताए। इस दौरान उन्होंने बच्चो को मानव शरीर के विभिन्न अंगों के नाम और प्लास्टिक के बने मानव अंगों के प्रतिरूप को सही स्थान पर रख कर पूरा करना भी सिखाया। स्कूलो के निरीक्षण के दौरान बच्चों में पठन कौशल व समझ विकसित करने के लिए निरंतर मॉनिटरिंग करने के निर्देश प्रधान पाठक एवं प्राचार्य को दिये।

कलेक्टर ने अंगबाड़ी कार्यकर्ता कृष्णा बंजारे से कुल दर्ज संख्या वर्तमान उपस्थिति, कुपोषित बच्चों की संख्या, नाश्ता व भोजन की गुणवत्ता के बारे में जानकारी ली। उन्होंने बच्चों की कम उपस्थिति पर बच्चों के पलकों से मिलकर उनके बच्चो को आंगनबाड़ी भेजने के लिए प्रेरित करने कहा। बच्चों को खेल - खेल में ज्ञान वर्धन के लिए विभिन्न प्रतिरूपों का उपयोग करने के निर्देश दिए। कार्यकर्ता ने बताया कि खेती किसानी का समय होने की वजह से वर्तमान में बच्चो की उपस्थिति कम है। आंगनबाड़ी केन्द्र में दर्ज बच्चों में से गंभीर कुपोषित तथा 5 मध्यम कुपोषित है। गंभीर कुपोषित बच्चे को पोषण पुनर्वास केंद्र भेजा गया था जिससे स्थिति में सुधार हो रहा है।

इसके पश्चात कलेक्टर ने प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला बनौरी के निरीक्षण पर पहुंचे। उन्होंने प्राथमिक शाला के कक्षा तीसरी व चौथी के बच्चो को हिंदी पाठ्य पुस्तक में से कविता पढ़ कर सुनाने कहा और कई शब्दो के अर्थ पूछकर मायने भी बताए। उन्होंने प्रभारी प्रधान पाठक सूरजा बंजारे से विद्यर्थियों की संख्या, वर्तमान उपस्थिति, शिक्षकों की संख्या व उपस्थिति की जानकारी ली। प्रधान पाठक ने बताया कि विद्यालय में प्रधान पाठक सहित 5 शिक्षक पदस्थ है। इनमें से 2 शिक्षक हड़ताल पर है, 1 शिक्षिका संतान देखभाल अवकाश में तथा शिक्षक घनश्याम साहू विधायक कार्यालय में संलग्न है। कलेक्टर ने शिक्षकों की पर्याप्त व्यस्था करने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी को दिए। पूर्व माध्यमिक शाला बिनौरी के निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित शिक्षक केके वर्मा को कारण बताओ सूचना जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कक्षा 8वी के छात्रों को गणित पढ़ाते हहुये वर्गमूल निकलना सिखाया। गणित के सवालों का सही व त्वरित हल करने पर कलेक्टर ने छात्रा मुस्कान साहू को शाबाशी देते हुए ईनाम के तौर पर कलम दी। उन्होंने प्रभारी प्राचार्य मीना वर्मा को बच्चों को पहाड़ा कंठस्थ कराने के लिए लागातार अभ्यास कराने के निर्देश दिए।



इसके पश्चात कलेक्टर कुमार पलारी स्थित स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट अंग्रेजी एवं हिंदी माध्यम विद्यालय पहुंचे। उन्होंने अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के कक्षा 9वी के छात्रों को विज्ञान तथा गणित पढ़ाया। इस दौरान स्मार्ट बोर्ड के मध्यम से की जा रही अध्यापन का भी अवलोकन किया। हिंदी माध्यम विद्यालय में विद्यार्थियों की अधिक संख्या होने पर बैठक व्यवस्था में आ रही समस्या को दूर करने के लिए दो पालियों में स्कूल संचालन के सुझाव दिए। इस दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी एल आर कच्छप, जिला शिक्षा अधिकारी राकेश शर्मा प्राचार्य द्वय ज्ञानप्रकाश त्रिपाठी एवं एससी वर्मा सहित अन्य शिक्षक मौजूद थे।


# बलौदाबाजार की जनता क्या इस बार भी विरोधी पार्टी का विधायक चुनेगी

**प्रमोद शर्मा फिर लड़ेंगे चुनाव, सिंधी समाज के दावेदारों ने भी की भाजपा-कांग्रेस से टिकट की मांग**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा-नेवरा, 18 अगस्त।** बलौदाबाजार विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं ने पिछली बार फिर विरोधी दल के प्रत्याशी को अपना विधायक बनाने की परंपरा कायम रखी थी जबकि पिछले चुनावो में राज्य में जब भारी बहुमत से कांग्रेस की सरकार बनी तो बलौदाबाजार से जोगी कांग्रेस के उम्मीदवार प्रमोद शर्मा कांग्रेस के जनकराम वर्मा को हराकर विधायक चुने गए हैं। क्षेत्र के गांवों, चौक-चौराहों, होटलों और पान दुकानों में इस बार फिर से कोई तीसरी शक्ति के उम्मीदवार के दावेदारी के चर्चा है।

**आंधी भी नहीं बचा पाई थी जनकराम की विधायकी:** पिछली बार काफी विलंब से चुने गए भाजपा के प्रत्याशी टेसूलाल धुरंधर को पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ कांग्रेस छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस और आम लोगों ने भी कमतर आंका था। लोगों द्वारा यहां तक कहा जाने लगा था कि प्रत्याशी चयन से कांग्रेस को वाकओवर दे दिया गया है। हालांकि भाजपा प्रत्याशी ने 48 हजार से अधिक मत प्राप्त किए हैं, लेकिन राज्यभर में चली कांग्रेसी की आंधी के बावजूद कांग्रेस प्रत्याशी जनकराम वर्मा की हुई अप्रत्याशित हार से न केवल कार्यकर्ताओं में मायूसी है, अपितु भाजपा के लोग भी हतप्रभ थे। दोनों ही पार्टियां इस हार के प्रति विश्वास नहीं कर पा रही हैं। इस बार कांग्रेस शुरू से यह सीट जीतने अपने कार्यकर्ताओं के बीच नेता लगातार जनसंपर्क करते देखे गए है।



**कैसा रहा था खेल**

राज्य की बलोदा बाजार सीट से जनता कांग्रेस के प्रमोद कुमार शर्मा ने 2129 वोटों से जीत दर्ज की है.
जनता कांग्रेस उम्मीदवार को 65251 वोट. वहीं, कांग्रेस के जनकराम वर्मा को 63122 वोट मिले. बीजेपी उम्मीदवार तेसु धुरेंधर 48808 पाकर तीसरे नंबर पर रहे.
2013, सामान्य सीट
जनक राम वर्मा, कांग्रेस, कुल वोट मिले 76549
लक्ष्मी बघेल, बीजेपी, कुल वोट मिले 66572
2008, सामान्य सीट
लक्ष्मी बघेल, बीजेपी, कुल वोट मिले 56788
गणेश शंकर बाजपेयी, कांग्रेस, कुल वोट मिले 51606
2003, सामान्य सीट
गणेश शंकर बाजपेयी, कांग्रेस, कुल वोट मिले 23642
विपिन बिहारी वर्मा, बीजेपी, कुल वोट मिले 23333

आपको बता दें कि बलोदा बाजार में ही सीमेंट की कई बड़ी फैक्टियां हैं. यहां अल्ट्राटेक सीमेंट, ग्रासिम सीमेंट, अंबुजा सीमेंट समेत कई बड़ी कंपनियों के प्लांट मौजूद हैं. इसलिए इसे सीमेंट हब भी कहते हैं. सीमेंट प्लांट के समर्थन किसको मिलेगा उसकी जीत तय है।

**किसी का गढ़ नहीं बलौदा बाजार:** छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार जिले की बात करें तो यह खनिजों के लिए फेमस है. राज्य की राजनीतिक परिस्थितियों की बात करें तो पूरे राज्य की तरह इस जिले में भी कांग्रेस पार्टी मजबूत है. बता दें कि 2018 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी ने यहां पर बहुत ही शानदार प्रदर्शन करते हुए भारतीय जनता पार्टी को खाता खोलने भी नहीं दिया था. इस तरह कभी बीजेपी तो काग्रेस फिर जोगी काग्रेस।

**क्या होगा इस बार:** इस बार जैसे हवा चलेगी उस के अनुसार विधायक बन सकता है हालाकि काग्रेस इस सीट को जीतने सक्रिय है अपने अलग अलग मंडलों में नेताओ को सक्रिय प्रदेश में सरकार बनते ही सक्रिय कर दिया था और आज बलौदा बाजार में काग्रेस का माहौल है।

**काग्रेस में दावेदार:** राम गिड़लानी शैलेश नितिन त्रिवेदी छाया वर्मा सुरेंद्र शर्मा जनक राम वर्मा भुवन वर्मा सहित सीमा वर्मा भी दावेदार दिख रहे है।

**बीजेपी में दावेदार अनेक:** बीजेपी में भी दावेदारों की कमी नही है टक राम वर्मा लक्ष्मी वर्मा ढलेंद्र वर्मा भाग बली साहू टेशू लाल धुरंधर सहित अनेक लोग दावेदार है इस सीट के लिए अनुज शर्मा भी सक्रिय है अब देखना यह है की कोन होगा दावेदार।

**पिछड़ा वर्ग के मतदाता अधिक:** इस विधान सभा में सर्वाधिक मतदाता पिछड़े वर्ग से है जबकि चालीस प्रतिशत मतदाता सामान्य वर्ग से है अगर तीसरा समीकरण बनता है तो इस बार सामान्य वर्ग का उम्मीदवार जीत सकता है कारण नगरी क्षेत्र सीमेंट कंपनियों के हजारों मत पूरा खेल निर्धारित कर सकते है।

**सिंधी समाज के नेता भी दावेदार:** इस विधान सभा में काग्रेस के राम गिड़लानी ने टिकिट की माग की है तो बीजेपी में भी राम पंजवानी प्रबल दावेदार है समाज ने दोनो पार्टियों से परदेस की एक सीट पर समाज के व्यक्तियों को टिकिट की वकालत की है साथ ही तिल्दा बलौदा बाजार में समाज के वोटरों की भी हर चुनाव में पूरे प्रदेश में भूमिका सरकार बनाने में होती है यह राजनीति पार्टियों के नेताओ को भी पता है।

## रोज कल्पसूत्र वाचन के साथ पर्युषण पर्व मनाया ज रहा



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बालोद, 18 अगस्त।** श्री संभवनाथ जैन मंदिर समिति के तत्वाधान में 8 दिवसीय पर्युषण पर्व उत्साह पूर्ण माहौल में मनाया जा रहा है। कल्पसूत्र वाचन के लिए स्वाध्यायी के रूप में भिखीबाई लुंकड़ धमतरी एवम श्यामाबाई कुसुमकसा को, महाकौशल मूर्तिपूजक संघ छत्तीसगढ़ द्वारा बालोद भेजा गया है। स्वाध्याइयों की उपस्थिति में प्रतिदिन कल्प सूत्र वाचन के साथ ही पूजा आराधना तप भक्ति भाव के साथ चल रहा है आज पांचवे दिन भगवान महावीर स्वामी का जन्म वाचन हुआ साथ ही पवित्र सपना की बोली कराई गई। भगवान महावीर स्वामी के गर्भ में आने के बाद उनकी माता त्रिशला को सपने में जो 14 चीजें दिखाई दिए थे वे ज्योतिष के अनुसार शुभ फ्ल देने वाले थे।इन्ही सपनों के प्रतीक वस्तुओं को पवित्र मानकर इनकी बोली ली जाती है।', तेरा तुझको अर्पण क्या लागे मेरा' के तर्ज पर सदस्यों ने बढ़ चढ़कर बोली में हिस्सा लिया जो कि दान के रूप मे मंदिर को समर्पित होता है।जिन सदस्यों ने बोली का लाभ लिया वे हैं डॉ प्रदीप जैन, चंद्रकांतभाई रणपरिया, भीखम-आकाश गोलछा, बख्तावरमल प्रकाश भन्साली, लीला-लाले शर्मा, बाबूलाल ढेलडिया, मुकेश-रंजना भन्साली, प्रकाश-विक्की नाहटा, संतोष नवलखा, कांतिलाल कंवाड, जवरीलाल टाटिया, पुखराज बोहरा, बाबूलाल मालू, रूपचंद गोलछा, विनोद गोलछा, संतोष गोलछा, लक्की लोढ़ा, राकेश भंसाली, आदि प्रमुख हैं।सबसे महत्वपूर्ण बोली भगवान के पालनाजी की होती है इसका लाभ विजय कुमार अभयकुमार डूंगरवाल परिवार द्वारा लिया गया।पालनाजी को बाजे के साथ उनकेघर ले जाया गया जहां रात्रि में भक्ति की गई।गोलू चौरड़िया मुनीमजी की बोली लेकर मुनीमजी बने थे। श्री संघ अध्यक्ष डॉ प्रदीप जैन ने इस पवित्र पर्युषण पर्व में मंदिर समिति के सदस्यों के उत्साह तप, त्याग आस्था एवम उत्साह की सराहना की। मंदिर समिति के अध्यक्ष बाबूलाल ढेलडिया एवम सचिव रूपचंद गोलछा ने पर्युषण पर्व के अन्तिमदिन संवत्सरी प्रतिक्रमण में सभी सदस्यों से उपस्थिति की अपील की है।

# सलूजा ने किया कुराश स्पर्धा के विजेताओं का सम्मान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 18 अगस्त।** अमरजीत सलूजा अध्यक्ष जिला कुराश एसोसिएशन ने बताया कि 12 गोल्ड 2 सिल्वर पदक चैंपियनशिप जीतकर आए कुराश खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। छत्तीसगढ प्रदेश कुराश एसोसिएशन, दुर्ग जिला कुराश एसोसिएशन एवं रूंगटा ग्रुप ऑफइंस्टीट्यूशन के अध्यक्ष संजय रूंगटा के विशेष सहयोग से आयोजित छत्तीसगढ़ स्टेट सबजूनियर एवं सीनियर कुराश चैंपियनशिप बालक - बालिका, पुरुष - महिला का आयोजन भिलाई स्थित रूंगटा पब्लिक स्कूल में 12 अगस्त किया जिसमें बलौदा बाजार भाटापारा जिले के टीम के खिलाड़ियों ने अपने उच्चम खेल का प्रदर्शन करते हुए 12 गोल्ड 2 सिल्वर पदक जीतकर, प्रदेश में रनर अप चैंपियन का स्थान हासिल किया, पदक विजेता खिलाड़ियों में कुनाल यदु, कनिष्क श्रीवास्तव, समीर घृतेश, प्रत्यक्ष दुबे, फल्गुनी तेहरवंश, देविका साहू, प्रिंसी बांधे, सेजल यदु, अवंतिका कामरी, विनीश वर्मा, रोशनी वैष्णव, स्वालेहा खान, आयुषी ध्रुव, अंकित दिवाकर, खिलाड़ियों ने अपने अपने वजन वर्ग में पदक जीता, पदक विजेता खिलाड़ियों को बलवंत सिंह सलूजा अध्यक्ष गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा, जिला कुराश एसोसिएशन के अध्यक्ष अमरजीत सिंह सलूजा, उपाध्यक्ष नरेश आर्या, कोषाध्यक्ष लक्ष्मीनारायण सोनी, सचिव सुरेश भानुशाली, सह सचिव आदित्य सिंह नेशनल रेफरी वर्षा मिरी रमा टण्डन, शिव ध्रुव राजकुमार ध्रुव ने खिलाड़ियों ट्रैकसूट एवं टी शर्त प्रदान कर सम्मानीत किया, शुभकामनाये देकर उज्वल भविष्य की कामना की।





# 6 सालों में नहीं हो पाई योग शिक्षक की भर्ती

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा-नेवरा, 18 अगस्त।** स्वामी आत्मानंद एक योगी सन्यासी थे, परन्तु उनके नाम पर सरकार द्वारा संचालित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय मे योग शिक्षा नहीं दी जाती क्योंकि उन्हें योग शिक्षा को पढ़ाने के लिए प्रशिक्षित योग शिक्षित की आवश्यकता होती है जिसकी भर्ती आज तक नहीं हुई है। समय-समय पर राज्य के योग के डिग्रीधारी आंदोलन तथा धरणा शांति पूर्ण रूप से किया गया है तथा राज्य के सभी विधायकों सभी मंत्रियों को तथा राज्य पाल तक को योग शिक्षक भर्ती के लिए ज्ञापन विगत वर्षो से किया जा रहा है, लेकिन आज तक योग शिक्षक भर्ती पर कोई संज्ञान नही लिया गया है।

पूरे राज्य में लगभग 30 हजार से अधिक डिग्री डिप्लोमा धारी योग शिक्षक हैं। छत्तीसगढ़ देश का पहला राज्य है जिसमे सबसे पहले योग आयोग का गठन हुआ। योग आयोग के माध्यम से प्रत्येक विद्यालय में योग शिक्षक भर्ती होनी थी लेकिन आयोग गठन के छः साल होने पर योग शिक्षकों की भर्ती अभी तक नही हो पाई है। योग एक ऐसी विधा है जिसमे दुनिया की सभी समस्याओं का हल हैं, इसीलिए पुरी दुनिया 21जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप मे मनाती है।

योग मे एम. ए., आयुष मंत्रालय भारत सरकार एवं छत्तीसगढ़ योग आयोग द्वारा एवं अन्य संस्थानों से प्रशिक्षित योगाचार्य मिथलेशा कुमार सिन्हा ने योग के बारे मे उनके फायदे बताते हुए कहा कि योग के अभ्यास से



व्यक्ति चरित्रवान, शीलवान, गुणवान, संस्कार कान देशभक्त, प्रकृति प्रेमी एवं उज्वल ज्ञान वाले होते हैं योग से व्यक्ति के रोग ही ठीक नही होते अपितु वह निरोगी जीवन पाता है।

श्री सिन्हा का कहना है कि शिक्षा जगत में योग की शिक्षा बहूत ही आवश्यक है क्योंकि आज के वर्तमान परिवेश में ज्यादातर छात्र एवं छात्राएं शारीरिक, मानसिक रूप से अस्वस्थ रहते हैं. जिनके कारण उनमें शिक्षा का विकास जितना होना चाहिए. उतना नहीं हो पा रहा है। फ्लतः वो लोग अपनी मंजिल तक पहुंचने में असफ्ल हो जाते हैं यदि उन्हें जीवन में लक्ष्य की प्राप्ति करनी है तो योग का अभ्यास आवश्यक है. सामाजिक जीवन में जो नीरस एवं निर्जीव जीवन व्यतीत करते हैं उन्हें भी योग का सहारा लेना चाहिए. खासकर छात्र योग के बल पर अपने मस्तिष्क को शुद्ध करके विचार शक्ति को बढ़ा सकते हैं. अक्सर देखा जाता है की जीवन के निर्माण के समय छात्र मादक द्रव्यों का सेवन करते हैं जो कभी उनके लिए लाभकारी नहीं हो सकता है. योग के नियमित अभ्यास से उनसे छुटकारा मिल सकता है. योग उन्हें अंतिम लक्ष्य तक ले जायेगा इसके परे कोई लक्ष्य नहीं है. बालक के अंदर अपार क्षमताएं होती हैं। उन क्षमताओं को जगाने का काम योग के माध्यम से होता है। योग से बालक बंशानुगत रोगो से बच सकता है। योग के इन्ही लाभ को देखते हुए योगाचार्य मिथलेश सिन्हा ने इस योग शिक्षा विषय को स्वामी आत्मानंद स्कूल, एकलव्य विद्यालय, प्रयास विद्यालय, नवोदय एवं समस्त छात्रावासों के साथ समस्त विद्यालयों मे योग शिक्षक की भर्ती किया जाए। चूंकि सरकार के द्वारा हर वर्ष योग शिक्षा के लिए कक्षा पहली से बारहवी तक पुस्तक वितरित किए जाते हैं जिस पर हर वर्ष करोडो रूपए खर्च किए जाते हैं, लेकिन विषय विशेषज्ञ नही होने के कारण उस पुस्तक को कोई पढ़ाता ही नहीं, इस प्रकार उस पुस्तक के द्वारा होने वाले छात्रों को शारीरिक, मानसिक, नैतिक शिक्षा के ज्ञान से अछूता रह जाना पड़ता है।


## कार्यालय नगर पंचायत-भखारा जिला-धमतरी (छ.ग.)

Phone No. 07705-296755 Email-cmobhakhara.613@rediffmail.com

क्रमांक/1477/लो.नि.वि./न.पं./2023-24 भखारा, दिनांक 16/08/2023

**ई-प्रोक्यारमेंट निविदा आमंत्रण सूचना**

नगर पंचायत भखारा द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 06/09/2023 समय सायं 5:30 बजे तक निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती हैः-

| सिस्टम टेण्डर क्रमांक | कार्य का विवरण | निविदा राशि (रू. लाख में) |
|---|---|---|
| 144544 | वार्ड क्र. 10 में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य | 46.42 |

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट http://uad.cg.gov.in से भी डाउनलोड की जा सकती है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पंचायत भखारा**

## कार्यालय नगर पंचायत शिवरीनारायण जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

क्रमांक/361/न.पं./लो.नि.वि./टेण्डर/2023-24 शिवरीनारायण, दिनांक- 17/08/23

**//निविदा आमंत्रण सूचना//**

नगर पंचायत शिवरीनारायण द्वारा 15वें वित्त से निम्न सामग्री के निर्माता/आपूर्तिकर्ता फर्मों से जो पंजीकृत हो एवं जिसका फर्म आई.एस.ओ. 2008 एवं फर्म का एन.एस.आई.सी. में पंजीकृत हो निविदा त्रि-लिफाफा पद्धति में मुहरबन्द निविदाएं निविदा प्रपत्र 'बी' में निर्धारित अवधि तक आमंत्रित की जाती है। जिसका विवरण निम्नानुसार है-

1. निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - 28/08/2023 समय 5.00 बजे सायं तक
2. निविदा प्रपत्र प्रदाय की अंतिम तिथि - 04/09/2023 समय 5.30 बजे सायं तक।
3. निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि - 19/09/2023 समय 3.00 बजे दोपहर तक।
4. निविदा प्रपत्र खोले जाने की तिथि - 19/09/2023 समय 4.00 बजे सायं तक।

| स.क्र. | सामग्री का विवरण | मात्रा | अनुमानित राशि (लाख में) | अमानत राशि (FDR/TDR) | निविदा प्रपत्र मूल्य | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | मिनी स्काई लिफ्ट | 01 नग | 14.25 | 42750.00 | 750.00 | 1 माह |

शर्तें- 1. निविदाकार के पास टोल फ्री नम्बर अनिवार्यतः होना चाहिए।
2. निविदाकारों द्वारा पिछले वर्षों में कम से कम दस ट्राली माउन्टेड (मिनी स्काई लिफ्ट) का अनुभव होना आवश्यक है व क्रय आदेश की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
3. राज्य के जीएसटी विभाग में निविदाकर्ता फर्म का पंजीयन होना आवश्यक है। प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न की जावे।

नोटः- (1) उपरोक्त सामग्री क्रय की निविदा की स्पेशीफिकेशन सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी विभागीय वेबसाईट से http://www.uad.cg.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है अथवा कार्यालय नगर पंचायत शिवरीनारायण से कार्यालय दिवस में उपस्थित होकर प्राप्त की जा सकती है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पंचायत शिवरीनारायण**





# मैदान में उतरी भाजपा घोषणा पत्र समिति



**रायपुर, 18 अगस्त।** भारतीय जनता पार्टी ने आगामी चुनावों के मद्देनजर चुनावी घोषणा पत्र समिति का गठन किया गया है. लोकसभा सांसद विजय बघेल को प्रदेश का प्रभार दिया गया है. जिसके तहत संभाग स्तरीय गठन भी किया गया है. भाजपा के पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल रायपुर संभाग के प्रभारी बनाए गए हैं. अग्रवाल ने गुरुवार रायपुर शहर जिला के विभिन्न वर्गो जैसे व्यापारी, अधिवक्ता , ऑटोचालक कुली संघ और मितानिनों से मुलाकात कर घोषणा पत्र के लिए सुझावों का संकलन किया. अमर अग्रवाल ने जिला अध्यक्ष जयंती पटेल और प्रदेश पदाधिकारियों सहित पंडरी कपड़ा मार्केट पहुंचे. जहां उन्होंने स्थानीय व्यापारियों के साथ बैठक कर उनसे सुझाव एकत्रित किए व्यापारियों ने एकमत होकर कहा कि व्यापारियों के हित में हमारी जो मांगे हैं हमने आपको लिख कर दी है, यदि भाजपा व्यापारियों की मांगों को घोषणा पत्र समिति में शामिल करती है. तो हमारा खुला समर्थन भाजपा के पक्ष में रहेगा.

इसके बाद पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल, विधायक सौरभ सिंह जिला एवं सत्र न्यायालय पहुंचे. जहां अधिवक्ताओं के समूह से विस्तृत चर्चा की गई. अधिवक्ताओं ने अपनी सारी समस्याएं और मांग लिखकर घोषणापत्र समिति को दी. अमर अग्रवाल जिला न्यायालय के हर अधिवक्ता हॉल में गए और अधिवक्ताओं से मुलाकात की. शाम 4 बजे रेल्वे स्टेशन स्थित ऑटो स्टैंड और कुली संघ के बीच पहुंचे. जहां उन्होंने ऑटो चालकों और कुलियों से बात कर उनसे भी सुझाव लिए. साथ ही उन सभी को आश्वस्त किया गया कि भाजपा की सरकार बनते ही आप सभी की मूल समस्यायों का निराकरण किया जाएगा. अंत में दोनों नेताओं ने गुरुनानक चौक स्थित लायंस क्लब में मितानिनों भेंट की. जहां उपस्थित मितान समूहों ने उन्हें अपनी सारी समस्याएं बताई. निजीकरण जैसी तमाम व्यवस्थाओं से मितानिनों में वर्तमान सरकार खासा रोष है और वे अब अपनी समस्यायों के निराकरण के लिए भाजपा की ओर देख रही है।

**अवैध शराब के साथ युवक गिरफ्तार : रायपुर, 18 अगस्त।** माना पुलिस ने अवैध शराब बेचते एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 21 पाव देशी शराब जब्त किया है। पुलिस को सूचना मिली कि शुभम मार्ट के पास एक युवक अवैध रूप से शराब बेच रहा है।

## निधन

### श्यामा गहलोत



**रायपुर।** रामकुंड (विवेकानंद आश्रम) निवासी श्रीमती श्यामा गहलोत पत्नी स्व. मंगल सिंह गहलोत का आज निधन हो गया। वे मुकेश सिंह, दिनेश सिंह, सुरेश सिंह, नानक सिंह गहलोत की माता एवं सूफी गायक, संगीतज्ञ पद्मश्री मदन सिंह चौहान की छोटी बहन थीं। अंतिम संस्कार आज महादेवघाट मुक्तिधाम में किया गया।


















कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2021-23